

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 101 | ग्वालियर शनिवार, 21 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### केजरीवाल सरकार ने टीचर्स को फिनलैंड ट्रेनिंग के लिए भेजने वाली फाइल दोबारा एलजी को भेजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच खींचतान कम होती नजर नहीं आ रही. अब टीचर्स की ट्रेनिंग का मामला दोनों के बीच उलझा है. दरअसल, दिल्ली सरकार ने टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड भेजने की तैयारी की है, जिसकी फाइल उपराज्यपाल (एलजी) के यहां स्वीकृत नहीं हुई. इस पर दिल्ली सरकार ने फाइल दोबारा स्त्र को भेजी है. दिल्ली सरकार का कहना है कि फाइल को तत्काल मंजूरी देनी चाहिए. दिल्ली सरकार ने कहा कि स्त्र टीचर्स ट्रेनिंग में बाधा ना बनें. सरकार का कहना है कि स्त्र को सुप्रीम कोर्ट के आदेश मानने होंगे. दिल्ली सरकार ने कहा कि स्त्र का दिल्ली सरकार की सारी फ़ाइलें मंगवाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के ख़िलाफ़ है. दिल्ली सरकार ने स्त्र पर काम में रुकावट डालने के आरोप लगाते हुए कहा कि ग़रीबों की शिक्षा में बाधा डालना स्त्र की सामंतवादी सोच दर्शाता है. दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसौदिया ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने दिल्ली के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड भेजने का प्रस्ताव दोबारा एलजी के पास भेजा है. इस ट्वीट में सिसौदिया ने चिट्ठी के स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए हैं.

**सीएम ने की थी स्त्र संग बैठक**–कुछ ही दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की बैठक हुई. जहां शिक्षामंत्री मनीष सिसौदिया भी मौजूद थे. ऐसा माना जा रहा था कि बैठक से उनके बीच सब-कुछ सामान्य हो जाएगा. हालांकि ऐसा हुआ नहीं. पिछले कुछ समय से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच चिट्ठी की जंग चल रही है.

**खत्म नहीं हो रही चिट्ठी की जंग**–हाल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी दिल्ली के स्त्र की भी एक चिट्ठी सामने आई, जिसमें स्त्र ने मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सदन में उनकी ओर से एलजी को लेकर इस्तेमाल किए गए शब्दों को लेकर आपत्ति जताई. उसमें अरविंद केजरीवाल ने एलजी को संबोधित करते हुए कहा था कि 'एलजी कौन है'. एलजी 'कहां से आया एलजी ने कहा कि इन शब्दों का इस्तेमाल करना बहुत अपमानजनक है. दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने सदन में स्त्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बयान दिया था और इस दौरान सदन को ये बताया था कि किस तरह से एलजी चुनी हुई सरकार के कामकाज में रुकावट पैदा कर रहे हैं.

### रेसलर्स की अपनी मांगों को लेकर धरना जारी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश का नाम रोशन कर पदक लाने वाले कुश्ती के पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है. पिछले तीन दिनों से जंतर-मंतर पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के खिलाफ पहलवान धरना दे रहे हैं. पहलवान रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का इस्तीफे के साथ-साथ कुश्ती संघ के काम करने के तरीके में बदलाव और खिलाडियों की दिक्कतों का समय पर निवारण करने की मांग कर रहे हैं. इसके पीछे वजह है रेसलर विनेश फोगाट का भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगाना. उन्होंने कहा है कि हमेशा से कैंप लखनऊ में लगाया जाता है, जिससे महिला रेसलरों का शोषण करने में आसानी हो. रेसलर विनेश फोगाट का आरोप है कि महिला



पहलवानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की घटनाओं को सरकार के संज्ञान में भी लाया गया, लेकिन उसके बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हुई. इसके बाद विनेश फोगाट का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जाने लगी. विनेश फोगाट ने बताया कि यह लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि आने वाले पहलवानों के भविष्य की लड़ाई है. साथ ही पहलवानों का यह कहना है कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी और उन्हें पद से नहीं हटाया जाता, तब तक ये धरना जारी रहेगा. वहीं भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कि किसी भी प्रकार का शोषण नहीं हुआ है. विनेश फोगाट के आरोप सरासर झूठे हैं. अगर अगर यह साबित होता है तो वह फांसी पर लटकने को तैयार है. इस मामले को लेकर गुरुवार रात 10-30 बजे से तकरीबन 2 बजे तक पहलवानों की खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ मीटिंग हुई. खेल मंत्री के साथ मींटिंग में विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया समेत अन्य खिलाड़ी भी मौजूद रहे, लेकिन तकरीबन 4 घंटे की मीटिंग के बाद भी इसका कोई हल नहीं निकल पाया. इस बीच शुक्रवार को फिर से पहलवानों ने 10 बजे खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से दूसरी मुलाकात की, जिसमें भी सिर्फ उन्हें आश्वासन मिला है कि करवाई की जाएगी, लेकिन कब और कैसे ये अभी तक साफ नहीं है. इस मामले को लेकर कांग्रेस के नेता और बॉक्सर विजेंदर सिंह ने भी शुक्रवार को 12 बजे पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने कि वे जंतर-मंतर पर सुबह अपने पहलवान भाइयों से मिलने गए थे, मगर उस दौरान सभी पहलवान वहां नहीं थे और उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए कांग्रेस ऑफिस आना पड़ा. विजेंदर सिंह ने कहा, मैं पहले खिलाड़ी हूं, उसके बाद किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता. इस मामले को लेकर उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और मांग की कि इस पर जल्द से जल्द एक्शन लिया जाए और इंसाफ मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को फेडरेशन का हिस्सा बनाना चाहिए और उनके सुझावों से ही फेडरेशन चलाना चाहिए.

# तेज विकास रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहा हैः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (20 जनवरी) को सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त करीब 71,426 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और कहा कि रोजगार मेले उनकी सरकार की पहचान बन गए हैं तथा भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित व पारदर्शी हुई है. प्रधानमंत्री ने 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ये नियुक्ति पत्र सौंपे. उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम साफ दर्शाता है कि उनकी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करके भी दिखाती है. मोदी ने कहा, ''निरंतर होते ये रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गए हैं. ये दिखाता है कि किस तरह हमारी सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है.'' रोजगार मेले के तहत नियुक्ति पत्र वितरण का यह तीसरा चरण था. गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान विभिन्न पदों पर चयनित 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे. इससे पहले, अक्टूबर महीने में रोजगार मेले के माध्यम से करीब 75 हजार नए कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भर्ती प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुआ है और केंद्रीय सेवाओं में भर्ती प्रक्रिया पहले की तुलना में ज्यादा सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनी है. उन्होंने कहा, ''पारदर्शी तरीके से भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है. ये पारदर्शिता उन्हें बेहतर तैयारी के साथ प्रतियोगिताओं में उतरने के लिए प्रेरित करती है. हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर काम कर रही है.'' नियुक्ति पत्र सौंपे जाने से पहले नवनियुक्त कर्मियों ने कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल के बारे में प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए. पश्चिम बंगाल की सुप्रभा, कश्मीर के श्रीनगर के फैजल शौकत शाह, बिहार के दिव्यांग राजू कुमार और तेलंगाना के वायसी कृष्णा सहित कुछ युवाओं ने प्रधानमंत्री को अपने संघर्षों और अनुभवों के बारे में बताया. प्रधानमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं



में ज्यादातर बहुत ही सामान्य परिवार के हैं और इनमें कई ऐसे युवा हैं, जो पांच पीढ़ियों में सरकारी नौकरी पाने वाले वाले परिवार के पहले सदस्य हैं. मोदी ने कहा कि आज भर्ती प्रक्रिया में जो पारदर्शिता और रफ्तार देखने को मिल रही है, वह सरकार के हर काम में भी दिख रही है. उन्होंने कहा, ''एक समय था, जब नियमित तौर पर होने वाली पदोन्नति में भी अलग-अलग वजहों से अड़चनें आ जाती थीं. हमारी सरकार ने अलग-अलग विवादों का निपटारा किया. कोर्ट-कचहरी के कारण लंबे समय से रुकी हुई पदोन्नतियों को बहाल करने की प्रतिबद्धता दिखाई.'' प्रधानमंत्री ने नौकरी पाने वाले युवाओं से भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की और कहा कि जिस तरह कारोबार की दुनिया में कहा जाता है कि ग्राहक हमेशा सही है, वैसे ही शासन व्यवस्था में मंत्र होना चाहिए कि ''सिटीजन इज ऑलवेज राइट'' यानी ''नागरिक हमेशा सही है.''शुक्रवार को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा देशभर में विभिन्न सरकारी विभागों में कनिष्ठ अभियंता, लोको-पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, आशुलिपिक और कनिष्ठ लेखाकार, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, अध्यापक, नर्स, डॉक्टर और सुरक्षा अधिकारी के पदों पर नियुक्त किए जाएंगे. कर्मयोगी प्रबंधन मॉड्यूल विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए ऑनलाइन आरंभिक पाठ्यक्रम है. इसमें सरकारी सेवकों के लिए आचार-संहिता, कार्यस्थल पर नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानव संसाधन नीतियां शामिल हैं.

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुईं भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ शुक्रवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं. इस मौके पर आप के सांसद संजय सिंह मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि संभावना सेठ हमारे साथ हैं जिन्होंने 400 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है. बिग बॉस के एक नही दो सीजन में वो शामिल रही हैं. आशिकी तेरी मेरी के साथ 25 से ज्यादा हिंदी फिल्मों में सेठ ने काम किया है. सिंह ने कहा कि आम



आदमी पार्टी जो तीन बार से दिल्ली में सरकार बना रही है. जो काम आम आदमी पार्टी ने इन सालों में किया है उनसे प्रभावित होकर संभावना सेठ आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर रही हैं. संभावना सेठ ने आप में शामिल होने के बाद कहा कि मैं डांसिंग से अलग पॉलिटिक्स पर बात करूंगी. ये मेरे स्वभाव में था, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं ऐसा कर पाऊंगी या नहीं. मेरे हाथ ठंडे पड़ गए हैं. राजनीति की भाषा मुझे बोलनी नहीं आती लेकिन मैं कुछ अच्छा करना चाहती हूं. संभावना सेठ ने कहा कि मैं लाइफस्टाइल ब्लॉगिंग करती हूं. इसके जरिए मैं लोगों को तनाव से बाहर लाने की कोशिश कर रही हूं. उन्होंने बताया कि उनकी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह मुलाकात हुई थी.

## हैरसमेंट का ऑडियो हमारे पास- विनेश फोगाट का दावा

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कुछ कोचों के खिलाफ कुछ महिला पहलवानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं. जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ बैठीं हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट ने आज मीडिया से बात की, जहां उन्ड़होंने कहा कि आप सब साथ दीजिए.. हम लड़कियों के साथ बुरा हुआ है. विनेश ने कहा, लड़कियों का हैरसमेंट होता था. सुबूत के तौर पर हमारे पास हैरसमेंट का ऑडियो भी है. विनेश ने कहा, आज शाम को हमारी 6 बजे मीटिंग है. सरकार के समक्ष हम अपनी सारी मांगें रख रहे हैं. वे मांगें कौन सी हैं और क्या होता था। मीडियाकर्मियों के इस सवाल पर विनेश ने कहा, ऐसे



डिस्क्लोज नहीं कर सकते. लड़कियों से जुड़ा मामला है. विनेश का कहना है कि हम यहां आत्म सम्मान की लड़ाई के लिए आए हैं. उन्ड़होंने कहा कि हमारे परिजन भी हमारा साथ दे रहे हैं और उनका कहना है कि जो हुआ वैसा किसी एक लड़की के साथ नहीं हुआ..बहुत सारी लड़कियां हैं, जिन्ड़हें प्रताड़ित किया जा रहा था. कड़या पहलवानों को सरकार से मदद नहीं मिलीड़ इस पर उन्ड़होंने कहा- हम शुरू से बोल रहे हैं कि हम सरकार के खिलाफ नहीं है. जब मेरे साथ परेशानी आई थी तो प्रधानमंत्री जी मेरे साथ खड़े थे. उन्ड़होंने कहा कि हम सब मिलकर सरकार के सामने अपनी बातें रखेंगे. सरकार की बात है.. तो हम उनको बताएंगे कि में कैसे शोषण किया जाता था.

## सीएम अशोक गहलोत ने बताया कोरोना तो क्या-क्या बोल गए सचिन पायलट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में विधानसभा 2023 के आखिर में होना है, लेकिन कांग्रेस की आतंरिक कलह थमने का नाम



नहीं ले रही है. कांग्रेस नेता सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आए दिन एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं. इसी बीच पायलट ने इशारों में गहलोत के कोरोना वाले बयान पर शुक्रवार (20 जनवरी) को जवाब दिया है, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में मीडिया से बात करते हुए, हम जब सरकार में नहीं थे तो हमने बीजेपी सरकार (वसुंधरा राजे) को भ्रष्ट बताया था. लोगों ने हमारे पर भरोसा भी किया. कालीन घोटाला हो या ललित मोदी मामला सभी हमने तथ्यों के साथ उठाए. हमने वादा किया था कि सरकार आने पर कार्रवाई करेंगे. मैं उम्मीद करता था कि पिछले तीन-चार सालों में ठोस कार्रवाई होती लेकिन ऐसा नहीं हुआ. मैं कोई बदले की बात नहीं कर रहा, लेकिन जो भी घोटाले हुए उसको लेकर कार्रवाई करनी चाहिए थी. अब सिर्फ एक साल बचा है. हालांकि उन्होंने वसुंधरा राजे का नाम नहीं लिया. मुख्यमंत्री गहलोत ने इस पर जवाब देते हुए कहा था कि पेपर लीक मामले में जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है वे सरगना ही हैं. उन्होंने बिना नाम लिए कहा था कि मैंने मीटिंग करना फिर शुरू कर दिया, लेकिन हमारी पार्टी में कोरोना है. साथ ही एक बड़ा कोरोना भी पार्टी में आ गया है.

**लगातार कर रहे हैं हमला**–कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने पर्चा लीक मामले को लेकर बुधवार (18 जनवरी) को राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर फिर से निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि अब ये कहा जा रहा है कि पेपर लीक प्रकरण में कोई अधिकारी, नेता लिप्त नहीं था तो परीक्षा की कॉपी जो तिजोरी में बंद होती है वह बंद तिजोरी से बाहर बच्चों तक पहुंच गई. यह तो जादूगरी हो गई भई. ऐसे कैसे हो सकता है. ऐसा संभव नहीं है. इसके साथ ही पायलट ने कहा, ''कोई न कोई तो जिम्मेदार होगा और जांच चल रही है इसकी मुझे खुशी है, मैं स्वागत करता हूं इस जांच का. मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी, हमारे नेता राहुल गांधी और अन्य ने, हमने हमेशा युवाओं की मदद करने का काम किया है.'' उन्होंने साथ ही कहा ता कि मामले में सरगनाओं% को गिरफ्तार किया जाना चाहिए.

## बिहार की जातीय जनगणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने मना किया

**नई दिल्ली।** बिहार में हो रही जातीय जनगणना के खिलाफ याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है. कोर्ट ने याचिका को प्रचार के लिए दाखिल बताया. साथ ही, याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह चाहे तो हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी आर गवई और विक्रम नाथ की बेंच के सामने 3 याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं. यह याचिकाएं एनजीओ एक सोच एक प्रयास, बिहार के नालंदा के रहने वाले



अखिलेश कुमार और हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की थीं. इन याचिकाओं में कहा गया था कि जनगणना अधिनियम के तहत राज्य सरकार को जनगणना का अधिकार ही नहीं है. एक याचिका में यह भी कहा गया था कि जातीय जनगणना प्रक्रिया सर्वदलीय बैठक में हुए निर्णय के आधार पर शुरू की गई है. सिर्फ यह किसी सरकारी फैसले का आधार नहीं हो सकता. बिना विधानसभा से कानून पास किए इसे करवाया जा रहा है। इसलिए, इसे रद्द किया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने याचिका हाईकोर्ट की बजाय अपने पास दाखिल होने पर सवाल उठाया. जस्टिस गवई ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए. उन्होंने अहम टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि अगर इस तरह की जनगणना नहीं होगी, तो राज्य आरक्षण जैसी नीति को सही तरीके से कैसे लागू कर पाएगा. बता दें कि एक याचिकाकर्ता ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया था, जिस पर 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस मामले पर सुनवाई 20 जनवरी को करेगी. इसको लेकर ही सुप्रीम कोर्ट ने यह तमाम बातें कही है.

ये पंडित हैं कि क्या हैं...

# बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को छत्तीसगढ़ के मंत्री ने दे डाली चुनौती

छत्तीसगढ़ में इन दिनों बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का रामकथा चल रहा है. रोजाना उन्हें सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रहती है, लेकिन इसी बीच छत्तीसगढ़ आबकारी मंत्री कवासी लखमा का बयान चर्चा का विषय बना गया. मंत्री लखमा ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर सवाल उठा दिया. उन्होंने कहा कि अगर धर्मांतरण हो रहा होगा, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा, आप पंडित का काम छोड़ दीजिए.

**कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा का बड़ा बयान**–दरअसल गुरुवार को आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने ये बयान दिया. सबसे पहले ये जान लीजिए की धर्मांतरण का मामला कहां शुरू हुआ. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने 18 जनवरी को रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धर्मांतरण को लेकर बयान दिया था. उन्होंने कहा कि जहां-जहां धर्मांतरण हो रहा है, वहां रामकथा सुनाने जा रहे हैं, धर्मांतरण रोकने का उन्होंने संकल्प लिया है, बहुत सारे लोगों को हिंदू धर्म में वापसी करवा रहे हैं.

**धर्मांतरण को लेकर मचा था बवाल**–हाल



ही में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में धर्मांतरण को लेकर बवाल हो गया था. आदिवासी ईसाई और आदिवासी समाज के बीच हिंसा की खबरें आई थी, चर्च में तोड़फोड़ की गई थी. इस बवाल के दौरान पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे. इसी बीच बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के धर्मांतरण पर दिए बयान पर फिर हंगामा खड़ा कर देने वाला बयान राज्य सरकार के आबकारी मंत्री ने दिया. गुरुवार को रायपुर में बस्तर के बड़े कांग्रेसी नेता और राज्य सरकार में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने मीडिया से बातचीत के दौरान बागेश्वर धाम सरकार पर सवाल उठा दिया.

**बाघेश्वर धाम सरकार पर उठाया सवाल**–मंत्री कवासी लखमा ने मीडिया के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि कहां से सपना आया उसको इसी महाराज को नागपुर में कोई चुनौती दिया है क्या? महराज हो, पंडित हो मेरे साथ बस्तर आएं. कल परसों कोई धर्मांतरण होता है, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा और वो पंडिता छोड़ दें. ऐसे पंडित लोग को नागपुर में चुनौती दिया गया है. मंत्री ने कहा कि अभी यह मामला कोर्ट में जाने वाला है, उस समय पता चलेगा ये पंडित है की क्या है। सच्चाई पता चलेगा. गौरतलब है कि बागेश्वर धाम सरकार को नागपुर में अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति की तरफ से चुनौती दी गई थी. इसपर देशभर बवाल मच गया था. हिंदू संगठनों ने भी अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के प्रमुख श्याम मानव का पुतला दहन किया था. वहीं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रायपुर के दिव्य दरबार में श्याम मानव को आमंत्रण दिया था. उन्होंने चुनौती स्वीकार करते हुए किराए का खर्चा भी उठाने का बयान दिया था. तब से ये मामला देशभर चर्चा का विषय बना हुआ है.

# बुद्धि बूस्टर अबेकस द्वारा नेशनल ऑनलाइन अबेकस कंपटीशन का आयोजन

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-बुद्धि बूस्टर द्वारा 4ह्लद्ध नेशनल ऑनलाइन अबेकस कंपटीशन किया गया जिसमें शिवपुरी समेत 40 से भी अधिक शहरों के 250बच्चों ने भाग लिया। बुद्धि बूस्टर अबेकस और वैदिक मैथ्स के बच्चों का अवॉर्ड एंड ग्रेजुएशन सेरिमनी का आयोजन किया गया।। इस कार्यक्रम की शुरुआत बुद्धि बूस्टर के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की परफॉर्मेंस देकर की गई जिसमें सभी बच्चों को चैंपियन ऑफ चैंपियन, चैंपियन और टॉपर कैटेगरी में मुख्य अतिथियों द्वारा अवार्ड दिया गया । बुद्धि बूस्टर की ट्रेनिंग एंड एकेडमिक हेड रोशनी गुप्ता ने बताया कि इस सेरेमनी की विशेषता यह रही कि साधारणतः बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर ही रखा जाता है और उन्हें ही पुरस्कृत किया जाता है पर इस सेरेमनी में हमने बच्चों को स्टेज पर बुलाकर कैटेगरी के अनुसार सम्मानित कर उनको मोटिवेट किया। बुद्धि बूस्टर के ट्रेनिंग हेड रितेश गुप्ता ने बताया प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में दून पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल खुशी खान और डायरेक्टर शाहिद खान, हॉलीबड्स स्कूल की प्रिंसिपल सनोबर खान , ईस्टर्न हाइट स्कूल की डायरेक्टर नीलम अरोरा ,इनोवेटिव स्कूल की प्रिंसिपल किरण शर्मा, न्यूज़ चैनल के ब्यूरो चीफ अशोक अग्रवाल लुकवासा के सरपंच हरिओम रघुवंशी जी जर्नलिस्ट नीतू जैन ,जेसीआई की प्रेसिडेंट , प्रियंका शिवहरे बुद्धि बूस्टर के



डायरेक्टर सचिन अग्रवाल और नंदिनी अग्रवाल आए थे। इस कार्यक्रम में लगभग 500 से भी अधिक माता-पिता शामिल हुए।। यह कार्यक्रम शिवपुरी में स्थित परिणय वाटिका में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने मेंटल मैथ की अद्भुत प्रस्तुतियां भी दी।। आंखों पर पट्टी बांधकर बच्चों ने कैलकुलेशन किया।। वही 6 डिजिट स्क्वायर के 30 सवाल मात्र 30 सेकंड में, डबल डिजिट टेबल मात्र7 सेकंड में हल किए।। बुद्धि बूस्टर के बच्चों ने विगत वर्षों में मेंटल मैथ में विभिन्न प्रकार की वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएं और साथ-साथ में मेंटल मैथ्स ओलंपियाड में चैंपियन ऑफ चैंपियन ,चैंपियन कैटेगरी और कंट्री टॉपर में खिताब जीता जिसके लिए उन बच्चों को भी इस समारोह में सम्मानित किया गया साथ में उनके माता-पिता को भी पुरस्कृत किया गया।।। इस समारोह में जिन बच्चों ने इस कोर्स को कंपलीट किया उन बच्चों की कन्वोकेशन सेरिमनी की गई।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारत के प्राचीन गौरव अबेकस और वैदिक मैथ्स की महत्वता को बताना था । और उनके मन में जो गणित को लेकर डर होता है उस डर को दूर भगाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य था बुद्धि बूस्टर का जो 4ह्लद्ध नेशनल कंपलीशन आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने अपना शत-प्रतिशत दिया और उसी को ही सम्मानित करने के लिए हमने यह आयोजन किया जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में वैदिक मैथ और अबेकस के साथ-साथ अन्य एक्टिविटीज जैसे मिड ब्रेन एक्टिवेशन, जौली फोनिक्स मैं भी बच्चों को सर्टिफाइड किया गया। अंत में सभी अभिभावकों को आभार व्यक्त कर इस कार्यक्रम का समापन किया गया।।

# एमएलबी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे



**दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को कैरियर गाइडेंस देने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पवन जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षता एसके मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर पीएल जैन प्रोफेसर केएन कॉलेज, डॉ एचएस सूर्यवंशी जिला चिकित्सालय दमोह, बीएल अहिरवाल जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र पीएन तिवारी प्रबंधक सेडमैप, पुनीत चौबे इन्नोवेटिव कंप्यूटर सेंटर उपस्थित रहे। कैरियर काउंसलिंग मेले का निर्देशन श्रीमती अर्चना जैन प्राचार्य एमएलबी ने किया।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ एसके मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपने कैरियर का चयन अपनी रुचि अनुसार करने की सलाह दी एवं जीवन में आने वाली बाधाओं को पार करने हेतु सशक्त बनने की बात कही। डॉक्टर पीएल जैन प्रोफेसर ने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला और समय सीमा में प्रश्न पत्र हल करने के तरीके भी छात्राओं को बताएं।डीके मिश्रा ने प्राचार्य जीपीबी ने छात्राओं को कैरियर चयन के संबंध में टिप्स दिए सभी अतिथियों ने कैरियर मार्गदर्शन हेतु अपनी अपनी बात रखी। साथ ही विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन द्वारा कैरियर स्टाल भी लगाए गए इनमें आईटीआई दमोह के प्राचार्य कैरियर स्टॉल लगाया। इनोवेटिव कंप्यूटर सेंटर दमोह, जिला उद्योग केंद्र दमोह,एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह, सेडमैप दमोह एवं विद्यालय में संचालित कौशल विकास आईटी सेक्टर का स्टाल भी कैरियर मेले में लगाया गया।कार्यक्रम का संचालन एमके खरे ने किया आभार प्राचार्य श्रीमती अर्चना जैन ने माना। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री माधवी जाटव रही। कैरियर मेले में स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# थाना प्रभारी ने सड़कों पर उतर कर संभाली व्यवस्था व्यवस्थित करवाया बाजार, वाहन चालकों के काटे चालान






पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता


**मालनपुर/** मालनपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव पुलिस वल के साथ सड़कों पर उतरे और बाजार व्यवस्थित ढंग से लगवायाद्य दुकानदार सामान को सड़कों पर रखकर अतिक्रमण कर रहे थे उन्हें हिदायत देकर सामान हटवाया एवं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों से जुर्माना वसूला और आवारा घूम रहे लोगों को समझाइश देकर छोड़ा उन्होंने नगर के व्यापारियों से चर्चा की और कहा कि आप सभी लोग भयमुक्त होकर रहे पुलिस आपके साथ खड़ी है कोई भी समस्या है तो हमें तत्काल बताएं आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा द्यआपके आसपास कोई गुंडा, बदमाश छुपा बैठा है कोई अवैध काम हो रहा है तो छुपाए नहीं निसंकोच होकर हमें बताएं आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और गुंडों ,बदमाशों पर कार्रवाई की जाएगीद्य पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में गुंडा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत क्षेत्र में गुंडे बदमाशों को पनपने नहीं दिया जाएगाद्य व्यापारियों ने थाना प्रभारी से खुलकर चर्चा की और अपनी राय रखी और कहां की आपको जो भी समझता हो हमें खुल कर बताएं मालनपुर थाना पुलिस 24 घंटे आपके लिए तैयार खड़ी है

# 11000 कलश यात्रा से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिओम परिहार संवाददाता

आज मध्य प्रदेश की शिवपुरी जिले में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है इसी क्रम में देखा जाए तो 11000 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें 11000 कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया रन्नोद थानी से दूरी करीब 15 किलोमीटर खरे ह से 6 किलोमीटर दूरी ग्राम सिघराई माता के दरबार में कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई जिसमें समस्त भक्त गणों में व गणमान्य लोगों ने भी कलश यात्रा में अपना-अपना योगदान प्रदान किया और श्रीमद् भागवत कथा एक ऐसी कथा है जो श्रद्धालु ध्यान पूर्वक सुनता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं श्रीमद् भागवत कथा कुरुक्षेत्र में श्री बांके बिहारी ने जो अर्जुन को गीता का व्याख्यान किया है उसी क्रम में यह कथा लोगों के लिए जन्म जन्म के पाप निर्भर कर मोक्ष गति को भक्तगण प्राप्त होते हैं जगत पिता परमात्मा ने गीता में कहा है हे अर्जुन सब कर्म कर जगदीश हित मत रख फल पर ध्यान रे यही योग है यही भक्ति है यही चहता ज्ञान रे संसार में सबसे बड़ा कर्म है कर्म से सभी प्राणी नीचे हैं श्री गीता में कर्म को लेकर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता उपदेश दिया है









# जिला स्तरीय प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन 25 जनवरी को

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि जिला स्तरीय प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन आईटीआई भिण्ड के परिसर में 25 जनवरी 2023 को किया जा रहा है। जिसमें पुखराज हैल्थ केयर ग्वालियर एवं एल.आई.सी.भिण्ड, हिघली प्रा0लि0 अहमदाबाद गुजरात, इस्ट इण्डिया, प्रा0लि0 सूरजपुर, उत्तरप्रदेश, कापरो इजीनियरिंग इण्डिया, प्रा0लि0 गुजरात अन्य कम्पनियों के द्वारा भाग लिया जावेगा। कंपनियों द्वारा लगभग 450 पदों पर भर्ती की जावेगी। हाईस्कूल/इंटर/स्नातक एवं आई. टी.आई पास जिनकी उम्र सीमा 18 से 27 वर्ष तक हो वे आवेदक प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं। आवेदक आवश्यक दस्तावेज प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर पजीयन कराकर मेले में भाग ले सकते हैं।

## दावे आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 27 जनवरी को

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता/उप कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु दावे आपत्ति निराकरण समिति की बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड की अध्यक्षता में 27 जनवरी 2023 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कामना सिंह भदौरिया , सदस्य महिला एवं बाल विकास समिति श्रीमती दीपा यादव एवं जिला आयुष अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 23 से 25 जनवरी तक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी कार्यालय प्रमुखों से कहा है कि उनके यहां लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला पेंशन कार्यालय में लगने वाले 23 जनवरी 2023 से 25 जनवरी 2023 तक शिविर में निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पेंशन प्रकरण 31 दिसम्बर 2022 तक की स्थिति में पेंशन कार्यालय में भिजवाकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# गोहद ब्लॉक की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत मंडलम सेक्टर की बैठक संपन्न

## 27 जनवरी से गोहद ब्लॉक के 115 बूथों पर जाएगी हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** भाजपा सरकार की विफलताओं और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत 27 जनवरी से गोहद ब्लॉक में की जाएगी। जिसके अंतर्गत गोहद ब्लॉक के 115 बूथों का रूट चार्ट बनाया गया है जिसमें प्रत्येक बूथ पर मंडलम सेक्टर कमेटियों के साथ बूथ को मजबूत करने के लिए लेकर पहुंचा जाएगा। गोहद विधानसभा में 3 ब्लॉक हैं जिनमें से मौ ब्लॉक में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथ पर पहले ही पहुंचा जा चुका है। अब तय कार्यक्रम के मुताबिक गोहद ब्लॉक में 27 जनवरी से कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है गोहद ब्लॉक के पश्चात मालनपुर ब्लाक में शुरुआत की जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की विफलताओं और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताया जाएगा। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधायक मेवाराम जाटव के सरकारी आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक मेवाराम जाटव ने कार्यकर्ताओं को



संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में खुलेआम लूट कसोट हो रही है जिसे हमें प्रत्येक बूथ पर जनता को बताना है और कांग्रेस की अच्छी नीतियों को जनता तक पहुंचाना है बैठक को पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस अनुरूद्ध प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुर्जर के द्वारा संबोधित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम शर्मा, कैलाश माहौर, बन्टी गुर्जर, साबू खांन, अकरम खान, एडवोकेट विजेंद्र यादव, युवक कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप गुर्जर, केदार कौशल, रमजानी खान, महेश कौशल, राम सहाय माहौर, राजू गुर्जर, बी पी सिंह लालबहादुर जादौन, गजेंद्र बंसल, राहुल उपाध्याय, सोनू भटनागर, कैलाश गुर्जर, कमलेश गुर्जर, प्रमोद शुक्ला, पिंकी उच्चाडिया, संतोष श्रीवास, साकिर अली खान, लालउद्दीन काजी, रवि कुशवाह मायाराम राठौर, देववृत चौधरी, जावेद खान, ब्रजेश चौरसिया, हरिभान कुशवाह, सम्मा पठान, रामजीलाल बघेल एवं समस्त मण्डलम सेक्टर अध्यक्ष समिल्लित हुए/पीड़ित परिवार के घर पहुंचे विधायक- दो दिन पहले गल्ला मंडी के पास व्यापारी राकेश सिंघल के साथ लूट हुई थी जिसमें बैग में रखे हुए साढ़े 14 लाख रुपए बैग सहित लुटेरे छीन कर भाग गए थे। विधायक मेवाराम जाटव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, देवाशीष जरारिया ने पीड़ित राकेश सिंघल के घर पहुंचकर उनसे चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जल्द ही नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। जिसका नगर पालिका के द्वारा टेंडर हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान व्यापारियों के गद्दी से किया जाए, नगर में नियमित गश्त और पुलिस चौकी स्थापित हो यह कार्य बहुत जरूरी है, जिसको लेकर जल्दी जिला कलेक्टर से बात करेंगे। मेरे विधानसभा क्षेत्र में दिनदहाड़े बड़ी वारदातें घटित हो रहीं है जिन्हें रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

### सुरक्षा की मांग को लेकर नगर के बाजार पूर्णतः बन्द

# गल्ला व्यापारी से 2 दिन पहले साढे 14 लाख रुपए की लूट हुई थी, 6 आरोपियों में से चार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में





दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** गल्ला व्यापारी राकेश सिंघल के साथ हुई लूट की घटना के विरोध में गोहद व्यापार मण्डल द्वारा व्यायापारियों की सुरक्षा, नगर में सीसीटीवी कैमरे, कृषि उपज मंडी से खरीदी का भुगतान गद्दी से करने की मांग को लेकर बाजार बंद का आव्हान किया गया। जिसके तहत व्यापार मण्डल के सदस्य बाजार चौराहे पर एकत्रित हुए जुलूस के रूप में नया बस स्टैंड, ईटयली गेट, सदर बाजार, पुराना बस स्टैंड, बाबा कपूर की गली, पान वाली गली, गंज बाजार, अटल चोक, गोहद चौराहा पर निकले यहाँ दुकानदार द्वारा स्वतः अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सहयोग किया। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि गोहद मंडी में भले ही बीएसएफ की बटालियन रहती है लेकिन वो एसडीओपी के आदेश पर ही कदम ब?ाती है इसलिए यहाँ पुलिस चौकी की स्थापना की जाए पूर्व अध्यक्ष सुरेश बोहरे ने कहा ग्वालियर चम्बल सम्भाग में स्थित समस्त मंडियों में उपज का भुगतान गद्दी से किया जाता है लेकिन गोहद मंडी में व्यापारियों द्वारा मंडी में भुगतान देना प?ता है और ऐसी घटनाएं घटित होती है इसलिए गद्दी पर ही भुगतान की व्यवस्था की जाए व्यापारी सुनील पहा?िया का कहना है कि गोहद व्यापारिक केंद्र है घटना घटित होने से तो कोई नही रोक सकता लेकिन नगर में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएं तो ऐसी घटनाओं पर अंकुस अवश्य लग सकता है।लालसिंह आर्य पहुंचे व्यापारियों के बीच- गल्ला व्यापारी के साथ हुई घटना व अन्य मांगों के सन्दर्भ में आंदोलन के दौरान व्यापारियों के बीच भजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने पहुंचकर व्यापारियों को भरोसा दिया की भाजपा शासन में आतंक का अंत निश्चित है व्यापारियों की शेष मांगो को भी पूर्ण किया जाएगा।पकड़े गए चारों आरोपियों की गोहद पुलिस ने ली तीन दिन की रिमांड- गल्ला व्यापारी राकेश सिंघल के साथ 14 लाख 50 हजार रुपये की लूट में पक? गए चारो बदमाश परमानंद सिंह परमार निवासी हरनचक्र बाढ अथमल गोला पटना बिहार दूसरा आरोपी सुधीर शर्मा उर्फ छोटू निवासी जामुना हनुमान मंदिर के पास भिण्ड, तीसरा आरोपी अरूण शर्मा उर्फ अनू निवासी मुंसावली भारोली चौथा आरोपी रूपेन्द्र मिश्रा उर्फ रूपेश निवासी मिश्रन का पुरा थाना पावई को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर तीन दिन की रिमांड पर लिया है। वही दो आरोपी अभी फरार हैं जिनमें विजय दुबे एवं अल्केश भदोरिया की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने अभी 12 लाख 50 हजार रुपए की राशि बरामद की है। 2 लाख रुपए की बरामदी होना अभी शेष है।

बदमाश स्वयं करते थे रेकी- अक्सर स्थानीय व्यक्ति के शामिल होने से लूट सफल नही हो पाती इसलिये लूट की घटना में शामिल बदमाश मंडी तिराहे पर बैठकर निगरानी रखते थे तभी उनकी निगाह में राकेश सिंघल आये जो स्कूटी की दिग्गी में रुपये न रखकर स्कूटी के पैरदान पर रुपयों से भरा बैग रखे हुए थे।

# नगर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को आप ने सौंपा ज्ञापन



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** नगर में आए दिन लूट, अपहरण, अपराध के मामले में लगातार अपराधियों द्वारा घटनाएं घटित की जा रही है जिसकी रोकथाम को लेकर आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है जिसमें मांग की गई है कि पुराने बस स्टैंड, अटल चौक, गल्ला मंडी पर पुलिस चौकी स्थापित की जाए नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, नगर में विद्युत विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती, आंकलित खपत के बिल दिए जा रहे हैं जिस पर रोकथाम लगाई जाए नगर पालिका मैं अस्थाई सीएमओ है स्थाई सीएमओ की व्यवस्था की जाए, गिट्टी रेता के ओवरलोड ट्रक नगर से होकर गुजर रहे हैं जिससे आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं अस्पताल के लिए एंबुलेंस में आए दिन मरीज सब्जी मंडी, गंज बाजार से होकर गुजरती हैं जाम की स्थिति बनी रहती है उपरोक्त मांगों का निराकरण 15 दिवस के अंदर नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इन्हीं मांगों को लेकर धरना देंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट प्रवीण गुप्ता, एडवोकेट यशवंत पटवारी पूर्व प्रत्याशी गोहद, पूर्व सूबेदार मेजर अंतराम प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति पार्षद प्रतिनिधि, एडवोकेट कमलेश यादव, अफजल शेख, राकेश माहौर, दिनेश कुमार माहौर, रामनारायण प्रजापति, राजेश कुशवाह, लियाकत अली, सरदार जगदीश नामधारी, राजेश आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में बी.पूल के दूसरे मैच में एल बी एस दिल्ली ने मथुरा को पाँच विकेट से पछाड़ा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर के स्थानीय शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में खेले जा रहे राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के बी.पूल का दूसरा मैच शुक्रवार को एल.बी.एस दिल्ली व मथुरा के बीच खेला गया।जिसमे एल.बी.एस. दिल्ली ने मथुरा को पाँच विकेट से हरा दिया एल.बी.एस. दिल्ली से खेलते हुए एक 16 बर्षीय युवक ने पाँच ओवर में मात्र 14 रन देकर तीन विकेट लिए जो मैन ऑफ द मैच रहे।मथुरा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 115 रन बनाकर ऑलआउट हो गई एवं 116 रनों का लक्ष्य एल बी एस दिल्ली के सामने रखा जबाब में उतरी एल बी एस दिल्ली ने महज 16.5 ओवरों में 120 रन बनाकर 5 विकेट से यह मैच जीत लिया।एल बी एस दिल्ली के दीवान इशरानी मैन ऑफ द मैच लहार जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया गया मैच का शुभारंभ भांडेर विधानसभा के पूर्व विधायक कमलापत आर्य,रौंन जनपद के अध्यक्ष हरनाम सिंह गुर्जर एवं रौंन ब्लॉक कॉग्रेस के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह राजावत ने किया।सबसे पहले नेताओं ने स्वर्गीय मथुरा सिंह की छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर खिला?ियों से परिचय प्राप्त किया विस्तृत जानकारी के लिये बता दे कि मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में खेला जा रहा है यह राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ 16 जनबरी से 22 जनवरी तक खेला जायेगा।मैच का आँखों देखा हाल रजनीश पालीवाल सर,रामनारायण सर,श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव एवं जीएस कौरव द्वारा सुनाया गया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,कोषाध्यक्ष रियाज खान,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह,हिमांशू मुदगिल,दिलीप सोनी,धर्मेंद्र कौरव उर्फ धरमू,पंकज शर्मा,संजीव यादव,राकेश रजक,प्रदीप चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।






**राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल आज-**इस राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार को होगा।जिसमे क्षेत्र के दर्शकों को एक रोचक मुकाबला नागपुर एवं एल बी एस दिल्ली के बीच देखने को मिलेगा।उसके बाद शनिवार को पूरे क्रिकेट टूर्नामेंट का निचोड़ फाइनल मुकाबला होगा।

# खेल से लोगों में भाईचारे की भावना है



**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

सुर्या फाउंडेशन आदर्श गांव मालनपुर मध्यप्रदेश में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, पुरस्कार वितरण रखा गया था मुख्य अतिथि अध्यात्मीक गुरु पूज्य ज्योति दीदी ब्रह्मकुमारी विशिष्ट अतिथि मुकुल चतुर्वेदी सूर्या रोशनी लिमिटेड जनरल मैनेजर, उपस्थित रहे। सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्रामीण स्तर में कबड्डी, क्रिकेट का प्रतियोगिता कर सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर रोशन कर रहे हैं।किया गया।ज्योति जी भोजन एवं भजन का संतुलन बनाने वाला सदैव सफल रहता है । माता पिता शिक्षक बात सदैव ही उनकी बात को माननी चाहिए मुकुल चतुर्वेदी ने बताया कि खेल से लोगों में भाईचारे की भावना बनती खेल से एकता आती है खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है खेल के माध्यम से युवा बड़े बड़े मुकाम हासिल कर रहे हैं और गांव क्षेत्र जिला व देश- प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। कार्यक्रम में सांस्कार केंद्र के बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख शिवकुमार रजवा? , सह क्षेत्र प्रमुख अशोक कुमार , बादाम सिंह , राजीव शर्मा , महेश , राघवेंद्र सिंह, आकाश तोमर , धर्मेंद्र ,कपिल आदि ग्रामीणवासी उपस्थित रहे

# वरिष्ठजनों का नेत्र शिविर के माध्यम से सफल ऑपरेशन कर आंखों में रोशनी देने का कार्य किया जा रहा

**मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के भाई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने ऑपरेशन के बाद जनता का सम्मान घर पहुंचा रहे हैं,फूप में नेत्र शिविर के आयोजन 230 का पंजीयन हुआ ऑपरेशन के लिए 72 मरीजों को चिन्हित कर भेजा गया ग्वालियर**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रदेश सरकार मे अटेर विधानसभा क्षेत्र के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के प्रयासों से अटेर विधानसभा के विधायक डॉ अरविंद सिंह भदौरिया का जन सेवा भाव का कार्य क्षेत्र की जनता के लिए निरंतर जारी है कई वर्षो से नेत्र शिविर का आयोजन कर उनके वृद्धजनों के आंखों में रोशनी देने का कार्य किया जा रहा है सेवा ही उनकी प्राथमिकता रही है उनके बड़े भाई देवेंद्र सिंह भदौरिया भी अपने भाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र के लोगों के लिए आई कैंप में शामिल होकर सेवा भाव का कार्य कर रहे।विधानसभा क्षेत्र फुपमें नि शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 250 मरीजों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें मोतियाबिंद, काला पानी,विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनकी जांच कराई गई और चिन्हित 72 मोतियाबिंद मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें ग्वालियर के नेत्र ज्योति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भसीन के यहां ऑपरेशन के लिए भेजा गया है,जहां उनका आंखों का सफल ऑपरेशन किया जाएगा। ग्वालियर में नेत्र शिविर वरिष्ठ जनों का स्वागत का सम्मान करते हुए सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के बड़े भाई देवेंद्र सिंह भदौरिया के द्वारा निरंतर शिविरों का आयोजन विधानसभा क्षेत्र उप स्वास्थ्य केंद्रों में जोकि सफल ऑपरेशन के साथ सम्मान सहित उनको घर के लिए विदाई दी जा रही है।।सहकारिता मंत्री श्री भदौरिया के भाई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने ग्वालियर के रेसकोर्स, स्थित निवास पर अटेर विधानसभा क्षेत्र के नेत्र शिविर में ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए महिला एवं पुरुष जनों को भोजन, दवाइयां,माला,चश्मा,तथा साल उड़ाकर उनका सम्मानित करते हुए बस द्वारा घर भेजा गया और उनके चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया कि यह ही जन सेवा भाव हमेशा आप सबके साथ बना रहे।



# धर्मगुरू दीवान साहब का जन्मोत्सव आयोजन सफल बनाने के लिए सीरवी आईमाता सेवा संघ के. आर पूरम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरु।**सीरवी आई माता सेवा संघ ट्रस्ट केआर पुरम बडेर में धर्मगुरु दीवान साहब माधव सिंह जी 81वाँ जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें सभी सदस्य तथा क्षेत्रीय एवं प्रांतीय बडेरो से गणमान्य पदाधिकारी पधारे तथा धर्मगुरु दीवान साहब को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए के .आर.पुरम बडेर के कार्यकारिणी सदस्यों एंव पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्न संस्थाओं के पधारे मुख्य अतिथि एंव पदाधिकारियों को बहुत बहुत धन्यावाद देकर आभार वक्त किया । सीरवी आईमाता सेवा संघ ट्रस्ट के आर पुरम की ओर से क्षेत्रीय एवं प्रांतीय बडेर से पधारे हुए सभी मेहमानों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नेतीराम काग सचिव मोहनलाल मुलेवा कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार उपाध्यक्ष विंजाराम गहलोत ,नवयुवक मंडल अध्यक्ष पेमाराम बर्फा, गैर मंडल अध्यक्ष चेनाराम सोलंकी ,महिला मंडल अध्यक्ष सीता देवी, महिला विंग अध्यक्ष लीलाबाई , मोहन लाल गहलोत ,लाबुराम बर्फा,भंवर लाल मुलेवा ,तेजाराम चोयल,पारसमल चोयल,गोर्धनलाल बर्फा सहित सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन दुर्गाराम राठौड़ ने किया।

# मुख्य संरक्षा आयुक्त पहुँचे मुंगावली, बीना कोटा रेल दौहरीकरण काम का किया

**मुख्य संरक्षा आयुक्त, मुंबई मनोज अरोरा पहुँचे मुंगावली,बीना कोटा रेल लाईन पर कंजिया से पिपरई दौहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण,मुंगावली पहुँचकर नव निर्मित उद्यान एवं टूल कम रेस्ट हाउस का किया उद्घघाटन,मुख्य संरक्षा आयुक्त सहित भोपाल डीआरएम सौरभ बंधोपाध्याय सहित कई बरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

शुक्रवार को रेल्वे के मुख्य संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा बीना कोटा रेल लाइन पर चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण करने मुंगावली पहुंचे। मुख्य संरक्षा आयुक्त ने कंजिया से पिपरई गांव तक रेल लाइन पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया मुख्य संरक्षा आयुक्त ने मुंगावली में रेलवे स्टेशन पहुँचकर सुरक्षा इंतजाम सहित नव निर्मित कार्यो का निरीक्षण किया इस दौरान इन्होंने मुंगावली रेलवे स्टेशन के पास नव निर्मित उद्यान एवं टूल कम रेस्ट हाउस का भी फीता काटकर उद्धघाटन किया इस दौरान उनके साथ भोपाल रेल मंडल के डीआरएम सौरभ बंधोपाध्याय के साथ रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उनके इस आगमन में तमाम तरह के इंतजाम देखने को मिले परंतु कहीं ना कहीं कुछ मुख्य बातें आज भी रेल की सेवाओं से दूर दिखाई दी रेलवे स्टेशन पर बने टॉयलेट की स्थिति अधिकांश बदतर बनी रहती है इसके अलावा दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने पर अब तक ओवरब्रिज का कार्य अधूरा है मुंगावली स्टेशन की मुख्य समस्या स्टेशन के बाहर पार्किंग का ना होना जो हमेशा नगर वासियों के लिए चिंता का कारण बना रहा परंतु रेल अधिकारी के आगमन पर लोग उम्मीद लगाए थे कि वाहन पार्किंग की समस्या खत्म होगी और स्टेशन परिसर में कैमरे लगाए जाने की सौगात मिलेगी साथ-साथ टिकट के लिए एक विंडो और होगी परंतु अधिकारी एक तरह की खानापूर्ति करते दिखाई दिए और सीधी भाषा में कहा जाए तो मीडिया के सवालों से खुद बचते दिखाई दिए दोहरीकरण के कार्य उपरांत अब देखने योग्य होगा कि इस मार्ग पर कितनी नई सवारी ट्रेनों की सौगात मिलती है और मूलभूत सुविधाएं नगर के लोगों को कब तक प्राप्त होगी यह भी सभी समय निर्धारित रहेगा




# एमएलबी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार के निर्देशानुसार कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को कैरियर गाइडेंस देने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पवन जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षता एसके मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर पीएल जैन प्रोफेसर केएन कॉलेज, डॉ एचएस सूर्यवंशी जिला चिकित्सालय दमोह, बीएल अहिरवाल जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र पीएन तिवारी प्रबंधक सेडमैप, पुनीत चौबे इन्नोवेटिव कंप्यूटर सेंटर उपस्थित रहे। कैरियर काउंसलिंग मेले का निर्देशन श्रीमती अर्चना जैन प्राचार्य एमएलबी ने किया।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ एसके मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपने कैरियर का चयन अपनी रुचि अनुसार करने की सलाह दी एवं जीवन में आने वाली बाधाओं को पार करने हेतु सशक्त बनने की बात कही। डॉक्टर पीएल जैन प्रोफेसर ने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला और समय सीमा में प्रश्न पत्र हल करने के तरीके भी छात्राओं को बताएं।डीके मिश्रा ने प्राचार्य जीपीबी ने छात्राओं को कैरियर चयन के संबंध में टिप्स दिए सभी अतिथियों ने कैरियर मार्गदर्शन हेतु अपनी अपनी बात रखी। साथ ही विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन द्वारा कैरियर स्टाल भी लगाए गए इनमें आईटीआई दमोह के प्राचार्य कैरियर स्टॉल लगाया। इनोवेटिव कंप्यूटर सेंटर दमोह, जिला उद्योग केंद्र दमोह,एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह, सेडमैप दमोह एवं विद्यालय में संचालित कौशल विकास आईटी सेक्टर का स्टाल भी कैरियर मेले में लगाया गया।कार्यक्रम का संचालन एमके खरे ने किया आभार प्राचार्य श्रीमती अर्चना जैन ने माना। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री माधवी जाटव रही। कैरियर मेले में स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

# बाल विवाह होने से रोका

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** ग्राम बांसा में चेतराम बंसल एवं उनके परिजनों के द्वारा अपनी नाबालिग लडकी की शादी करायी जा रही थी जिसे मौके पर पहुंच कर सागर नाका चौकी प्रभारी उप नि गरिमा मिश्रा,एएसआई के एल आठ्या द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन कि अजीता तिवारी,गीता यादव,एवम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ बाल विवाह को रोककर परिजनों को समझाइश दी गई।जिसके बाद परिजनों के द्वारा विवाह को रोक दिया गया ।



# दबोह में धूमधाम से मनाया जाएगा गहोई दिवस

**अर्पित गुप्ता उपम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गहोई वैश्य समाज धूमधाम से मनाएगा गहोई दिवस।गहोई वैश्य समाज अध्यक्ष दबोह के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष समाज के द्वारा गहोई दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 21 जनवरी 2023 दिन शनिवार को मनाया जाएगा।जिसमे अनेक कार्यक्रम तय हुए हैं।जिनमे सुबह सुंदरकांड,ध्वजारोहण,गहोई गान,स्वल्पाहार,विशाल शोभा यात्रा,उदभोदन,सामाजिक कार्यक्रम, बुजुर्गों का सम्मान,कक्षा 10 व 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान,राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित बालक/बालिकाओं के सम्मान आदि शामिल है।फिलहाल तो खबर लिखे जाने तक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।आपको बता दें कि पूर्व में भी गहोई समाज द्वारा गहोई दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था

# केंद्रीय विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

**बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना अंतर्गत**

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय श्रीमती रेणुका कंचन, प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मागदर्शन एवं श्री अम्बुज पाण्डेय, जिला न्यायाधीश/सचिव की उपस्थिति में दिनांक 20.01.2023 को केंद्रीय विद्यालय, दमोह में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना के विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित शिविर में डॉ. श्रीमती आरती शुक्ला पाण्डेय, प्रथम जिला न्यायाधीश दमोह, श्री धर्मेन्द्र सिंह, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे। डॉ. श्रीमती आरती शुक्ला पाण्डेय, प्रथम जिला न्यायाधीश दमोह द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुये बताया कि छात्र जीवन में हमें अपना एक लक्ष्य निर्धारित करते हुये लक्ष्य की प्राप्ति हेतु रूचि पूर्वक प?ाई करना चाहिए। साथ ही आपने उपस्थित छात्र/छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों, ऐसिड अटैक से पी?ितों के लिए विधिक सहायता योजना, पी?ित प्रतिकर योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना 2015, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही शिविर स्थल पर बच्चों द्वारा प्रश्न पूंछे जाने पर बच्चों के प्रश्नों के समाधान कारक उत्तर दिये गये एवं किसी बालक या बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी होने पर सर्वप्रथम अपने गुरूजनों एवं माता-पिता को बताये जाने की सलाह भी दी गई। अम्बुज पाण्डेय, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह में संचालित नालसा एवं सालसा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि आप देश का भविष्य है समाज और देश के विकास में आपकी प्रमुख भूमिका है आपके उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है कि आपको प?ाई के साथ-साथ भविष्य में किस दिशा में आगे ब?ना चाहते है, वह लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु आज से ही रूचि पूर्वक अपनी प?ाई करें और यदि आपको लक्ष्य प्राप्ति हेतु किसी मार्गदर्शन की आवश्यकता तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह में आकर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।






# ग्राम सुरई में जबेरा विधायक ने किया भूमिपूजन



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।**जनपद जबेरा के ग्राम सुरई में जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने तालाब का भूमिपूजन किया। यह तालाब अमृत सरोवर के नाम से बनाया जाएगा जिसकी लागत 48 लाख रुपए हैं। सुरई में यह तालाब 125 एकड़ में बनाया जाएगा जिससे आसपास के चार-पांच गांवों को लाभ प्राप्त होगा। इस तालाब के बनने से सभी को सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान ग्राम के सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर रुपेश सेन, सत्येंद्र ठाकुर, सहारा ठाकुर, जुगल शर्मा, सहित आमजन मौजूद रहे।

# सभी छात्र छात्राएं परीक्षा के तनाव से मुक्त हो इस उद्देश्य से जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

परीक्षा का नाम सुनते ही सभी के पसीने छूट जाते हैं परीक्षा एक ऐसा शब्द है जिसे सोच कर ही तनाव उत्पन्न हो जाता हैद्य बच्चों को तनाव ना हो बच्चो का मस्तिष्क स्वस्थ रहे बच्चे परीक्षा के तनाव से दूर रहेंद्य इसी उद्देश्य से आज दमोह के उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाइस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 18 स्कूलों से 650 से अधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लियाद्य इस प्रतियोगिता के कारण बच्चों ने अपने मन के भाव अपनी पेंटिंग में दर्शाए कहा जाता है कि यदि मस्तिष्क स्वस्थ रहेगा तनाव मुक्त रहेगा तो हमारा शरीर भी सभी रोगों से दूर रहेगा तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए यह जरूरी है

# संपादकीय

## सूचनाओं पर पहरा

जोशीमठ त्रासदी के बीच जमीन धंसने में आई तेजी दशार्ने वाली इसरो की सेटेलाइट तस्वीरें जारी होने के बाद सरकारें हरकत में आई हैं। सरकार ने एनडीआरएफ से कहा है कि घटनाक्रम के बाबत उपलब्ध वैज्ञानिक व संस्थानों की सूचनाओं को मीडिया व सोशल मीडिया पर प्रसारित न किया जाये। उसके बाद इसरो ने उन तस्वीरों को अपनी वेबसाइट से हटा दिया, जिनमें कुछ दिनों में जोशीमठ के पांच सेंटीमीटर से ज्यादा धंसने की बात कही गई थी। दरअसल, रिपोर्ट में कहा गया था कि अप्रैल, 2022 के बाद के सात महीनों में जहां जमीन 8.9 सेमी धंसी थी, वहीं 27 दिसंबर के बाद महज बारह दिनों में जमीन पांच सेमी धंसी है। सरकार की दलील है कि रिपोर्ट के निष्कर्ष यहां के लोगों में असुरक्षा व भय पैदा करने वाले हैं। जाहिर बात है कि घरों व सड़कों में आई दरारों के बाद विस्थापन की प्रक्रिया में सरकारी तंत्र की सुस्ती भी ऐसी सूचनाओं पर पर्दा डालने की वजह बन रही है। निस्संदेह, इसरो की सूचनाएं प्रमाणिक व वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होती हैं। यही वजह है कि उसकी रिपोर्ट पर लोगों का ज्यादा भरोसा होता है, तभी लोगों ने इस रिपोर्ट पर ज्यादा ध्यान भी दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि विगत में तमाम वैज्ञानिक अनुसंधान व विषय विशेषज्ञों की रिपोर्टों की उत्तराखंड की तमाम सरकारों ने अनदेखी की है। निस्संदेह, विधायक व मंत्री चुने हुए प्रतिनिधि तो होते हैं लेकिन वे भूगर्भ व पर्यावरण विषयक मुद्दों के विशेषज्ञ नहीं हो सकते। ऐसे में यदि तथ्यपरक व वैज्ञानिक रिपोर्ट सामने आती है तो उसका उपयोग समस्या दूर करने और रीति-नीतियों के निर्धारण में होना चाहिए। निस्संदेह मीडिया का काम लोगों को जागरूक करना होता है। साथ ही यह भी जरूरी है कि ऐसी रिपोर्ट विषय विशेषज्ञों के शोध-अनुसंधान व सर्वेक्षणों पर आधारित होनी चाहिए। सुनी-सुनाई बातों से जहां लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है, वहीं कई तरह की अफवाहों को भी बल मिलता है। बहरहाल, सरकारों को ध्यान रखना चाहिए कि मीडिया हमेशा एक सचेतक की भूमिका में रहा है और उसने विभिन्न मुद्दों पर लोगों को जागरूक ही किया है। यह मीडिया की सक्रियता और सजगता का ही परिणाम था कि जोशीमठ को लेकर पूरे देश में विमर्श हुआ और केंद्र तथा राज्य सरकार हरकत में आई। धंसाव के बाद पानी के रिसाव ने जोशीमठ व देश के लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं। यह बात जरूरी है कि मीडियाकर्मियों को विज्ञान सम्मत व तार्किक रिपोर्ट के द्वारा जनता को जागरूक करना चाहिए। जरूरी है कि रिपोर्ट समाज के किसी वर्ग में भय व असुरक्षा की भावना न पैदा करे। लेकिन मुद्दे की प्रासंगिकता व संभावित निष्कर्षों पर सार्थक विमर्श जरूरी है। जोशीमठ के मामले में उत्तराखंड सरकार भी नहीं चाहती कि संवेदनशील सूचनाएं सार्वजनिक विमर्श में आयें। वहीं दूसरी ओर देश के गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक के उपरांत एनडीआरएफ को इस बाबत निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद एनडीआरएफ ने पत्र लिखकर बारह सरकारी संगठनों व एजेंसियों को कहा कि उनके विशेषज्ञ अपना विश्लेषण और निष्कर्ष मीडिया व सोशल मीडिया पर जारी न करें।




मेषः- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

बृषभः- नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

मिथुनः- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

कर्कः- दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

सिंहः- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर् भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

कन्याः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

तुलाः- विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

वृश्चिकः- कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

धनुः- नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नही देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नही है।

मकरः- अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

कुंभः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

मीनः- किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

# टीवी चैनलों की बहसों पर रोक लगाना जरूरी

समाज एवं राष्ट्र-निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाला मीडिया विशेषतः इलेक्ट्रोनिक मीडिया आजकल बहस के ऐसे अखाड़े बन गये हैं, जहां राष्ट्र-विरोधी, नफरत एवं द्वेषभरी चचाओं ने समाज एवं राष्ट्र में जहर घोलने का काम किया है। युगयात्रा की आवाज बनने वाले टेलीविजन चैनलों का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ा है, वैसे-वैसे इस जिम्मेदारी को लेकर कोताही, लापरवाही एवं गैर-जिम्मेदाराने रवैये बढ़े हैं और अपने चैनल को अधिक आक्रामक बनाने के चलते बहसों का स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन रहा है, सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे टीवी चैनलों के काम करने के तरीकों को लेकर गहरी एवं गंभीर चिंता जताई और कहा कि घृणा भाषण एक खतरा बन गया है, उसे रोकना होगा। निश्चित ही मन की भड़ास निकालने, टीआरपी के लिए समाज में विभाजनकारी और हिंसक प्रवृत्ति पैदा करने वाले इन मंचों को निर्यंत्रित किया जाना जरूरी है। इस तरह की बेतुकी बहसों, नफरत एवं द्वेषभरी चचाओं में सच्चाई गुम हो जाती है। यह बयानबाजी सिर्फ एक ओर की होती तो ऐसे बेतुक एवं अशालीन बयानों की गर्माहट अधिक देर तक नहीं रहती, लेकिन इससे बनने वाले घाव राष्ट्र की चेतना को आहत करते हैं, नुकसान पहुंचाते हैं। किसी की तलवार के आघात इतने तीव्र नहीं होते जितने कि इन अतिश्योक्तिपूर्ण राजनीतिक बयानों एवं कड़वे बोलों के होते हैं। कोई भी क्रांति या राजनीतिक बदलाव इन अटपटे वचनों एवं नफरतों से नहीं हुआ करती। हमारे देश के कुछ टीवी न्यूज चैनल और उनके एंकर कभी कभी इतने क्रांतिकारी हो जाते हैं कि वे खुद ही पुलिस बन जाते है, खुद ही वकीन और खुद ही जज बन जाते हैं। लेकिन अब कोर्ट से जुड़े हुए मामले पर न्यूज रूम में चर्चा करना ही एंकरों को भारी पड़ सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आपराधिक मुकदमों से संबंधित मामलों पर टीवी चैनलों पर बहस होना ह्यआपराधिक न्याय में हस्तक्षेपह्व है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि अपराध से संबंधित सभी मामले और कोई भी विशेष बात जो सबूत हो सकती है, ये कानून की अदालत द्वारा निपटायी जानी चाहिए, न कि टीवी चैनल के माध्यम से। यह पहला मौका नहीं है, जब हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टीवी न्यूज चैनलों पर निशाना साधा है। पिछले साल दिसंबर में भी उसने इन चैनलों की खुली चचाओं को हेट स्पीच फैलाने वाला सबसे बड़ा जरिया बताया था और नियमन के दिशा-निर्देश तैयार करने पर जोर दिया था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 2020 में सुदर्शन न्यूज चैनल के यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्यधारा के टीवी न्यूज चैनलों को मीडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बता चुके हैं, पर मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा नियमों के तहत कोई कार्यक्रम प्रसारित होने से पहले न तो उसकी स्क्रिप्ट मांगी जा सकती है, न ही प्रसारण पर रोक लगाई जा सकती है। टीवी चैनलों पर बहस को देखते-सुनते आजकल एक सवाल अक्सर मन में पैदा होता है कि किसी मुद्दे पर चर्चा या बहस के दौरान प्रस्तोता और पैनल विशेषज्ञों आदि का धर्म क्या हो? इन बहसों का उद्देश्य क्या हो? ये बहसें कैसी हों, जो एक सकारात्मक परिवेश बनाएं और किसी सार्थक परिणाम तक पहुंचें। बहस को पुरातन संदर्भों में देखें तो यह किसी विषय या विवाद के दो या अधिक विद्वानों के बीच चर्चा या शास्त्रार्थ की श्रेणी में आती है। लेकिन आधुनिक टीवी चैनलों के शास्त्रार्थ यानी बहसों में हमारे टीवी चैनल एवं एंकर को एक बीमारी हो गई है और वह बीमारी यह है कि उसके एंकर खुद को खुदा समझने लगे है। दुखद है कि समय के साथ शक्तिशाली होते टीवी चैनलों में प्रभाव डालने की क्षमता के समांतर अपेक्षित गंभीरता, शालीनता और संवेदनशीलता की कमी होती गई है। इसलिए इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, उसे आईना मान कर सुधार पर गौर करने की जरूरत है। क्योंकि इन दृश्य माध्यमों के मंचों पर पत्रकारिता के बुनियादी मूल्यों और राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारियों की अनदेखी करके नफरत केंद्रित विचारों एवं देश तोड़क स्थितियों को जिस तरह जगह मिल रही है, वह चिंताजनक है। मन्दिर हो या चुनाव, राजनेता हो या धर्मगुरु, गरीबी हो या अशिक्षा, बेरोजगारी हो या महंगाई, निर्माण कार्य हो या नवीन योजनाएं- इन मुद्दों पर बहस के बहाने नफरत एवं विद्वेषभरे भाषणों को हवा देना कई टीवी चैनलों के एंकरों की आदत बन गई है। जो टीवी चैनल जितनी आक्रामक एवं मसालेदार बहसों को कराने में माहिर होते है, वे उतने ही ज्यादा लोकप्रिय माने जाते हैं और इन बहसों एवं चचाओं को कराने वाले एंकर उतने ही लोकप्रिय। ऐसे एंकरों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को हाल ही सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। शीर्ष अदालत ने सवाल किया- यदि टीवी न्यूज एंकर हेट स्पीच की समस्या का हिस्सा हैं तो उन्हें हटा क्यों नहीं दिया जाता? कोर्ट की टिप्पणी थी, ह्यटीवी चैनल और उसके एंकर शक्तिशाली विजुअल मीडियम के जरिए टीआरपी के लिए समाज में विभाजनकारी और हिंसक प्रवृत्ति पैदा करने वाला कुछ खास एजेंडा बेचने का औजार बन गए हैं। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में नफरत फैलाने वाले न्यूज चैनलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसे चैनलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। टीवी का आम दर्शक अब इन बहसों से ऊब चुका है। लाइव बहस में निष्पक्षता की जिम्मेदारी एंकर पर होती है। कुछ लोगों को बोलने का मौका नहीं देना पक्षपात है। लेकिन यहां टीवी चैनल एवं उनके एंकर की ही दादागिरी चलती हैं और वे किन्हीं के बयानों को सैंसर कर देते हैं तो किन्हीं के बयानों को बढ़-चढ़ कर दिखाते हैं। सौहार्द एवं सद्भावना को बाधित करने वाले नफरती या भड़काऊ भाषणों को लेकर अदालत की चिंता समझी जा सकती है। वैसे तो राजनीतिक दलों को भी इनकी गंभीरता को समझते हुए अपने प्रवक्ताओं पर ऐसी तीखी, विनाशकारी बहस से बचने की मयार्दाएं एवं सीमाएं तय करनी चाहिए। क्योंकि यह स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का एक अहम पहलू है। लेकिन अगर किसी बयान को सनसनी एवं उग्र बना कर पेश करने से समाज और देश में सौहार्द एवं राष्ट्रीयता के उलट नफरत एवं देश तोड़ने का माहौल बनता है तो ऐसी अभिव्यक्ति पर रोक लगायी जानी चाहिए। अदालत ने कई स्पष्ट टिप्पणियां कीं जो एक तरह से दृश्य माध्यमों के प्रभाव के मद्देनजर उसकी भूमिका को कठघरे में खड़ा करती हैं। यह सुस्पष्ट हो चुका है कि इन टीवी चैनल की बहसों से समाज एवं राष्ट्र का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। पिछले कुछ समय से टीवी चैनलों पर होने वाली बहसें किन्हीं सार्थक मुद्दे को स्पष्ट करने और हल की राह निकालने के बजाय महज सनसनी फैलाने, समस्या को अधिक उलझाने और संकीर्ण आग्रहों के आधार पर ध्रुवीकरण करने का वाहक बनती जा रही हैं। विडंबना यह है।

> **हमारे देश के कुछ टीवी न्यूज चैनल और उनके एंकर कभी कभी इतने क्रांतिकारी हो जाते हैं कि वे खुद ही पुलिस बन जाते है, खुद ही वकीन और खुद ही जज बन जाते हैं। लेकिन अब कोर्ट से जुड़े हुए मामले पर न्यूज रूम में चर्चा करना ही एंकरों को भारी पड़ सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आपराधिक मुकदमों से संबंधित मामलों पर टीवी चैनलों पर बहस होना ह्यआपराधिक न्याय में हस्तक्षेपह्व है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि अपराध से संबंधित सभी मामले और कोई भी विशेष बात जो सबूत हो सकती है, ये कानून की अदालत द्वारा निपटायी जानी चाहिए, न कि टीवी चैनल के माध्यम से। यह पहला मौका नहीं है, जब हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टीवी न्यूज चैनलों पर निशाना साधा है। पिछले साल दिसंबर में भी उसने इन चैनलों की खुली चचाओं को हेट स्पीच फैलाने वाला सबसे बड़ा जरिया बताया था और नियमन के दिशा-निर्देश तैयार करने पर जोर दिया था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 2020 में सुदर्शन न्यूज चैनल के यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्यधारा के टीवी न्यूज चैनलों को मीडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बता चुके हैं, पर मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा नियमों के तहत कोई कार्यक्रम प्रसारित होने से पहले न तो उसकी स्क्रिप्ट मांगी जा सकती है, न ही प्रसारण पर रोक लगाई जा सकती है।**

# भूजल का उपयोग से हालात विकट हो जाएंगे

ऐसा कहा जा रहा है कि आगे आने वाले समय में विश्व में पानी को लेकर युद्ध छिड़ने की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं, क्योंकि जब भूगर्भ में पानी की उपलब्धता यदि इसी रफ्तार से लगातार कम होती चली जाएगी तो वर्तमान स्थानों (शहरों एवं गावों में) पर निवास कर रही जनसंख्या को अन्य स्थानों पर जाकर बसने को बाध्य होना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में, उन स्थानों जहां पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता है, ऐसे स्थानों पर अधिक से अधिक लोग बसना चाहेंगे और फिर नागरिक आपस में युद्ध की स्थिति निर्मित करेंगे। आगे आने वाले समय में पानी की अनुपलब्धता सम्बंधी परेशानियों से हमारे समाज के श्रद्धेय बुजुर्ग हमें लगातार आगाह कर रहे हैं परंतु इस देश के नागरिक होने के नाते अभी भी उक्त समस्या को हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसका बहुत बुरा परिणाम शायद हमें अथवा हमारी आगे आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। दिनांक 5 जनवरी 2023 को जल विजन 2047 कॉन्फ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में हमें जनता जनार्दन को, सामाजिक संगठनों को और सिविल सोसायटी को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना होगा। हालांकि आज जियो मैपिंग और जियो सेंसिंग जैसी तकनीक जल संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और इस कार्य में विभिन्न स्टार्टअप भी सहयोग कर रहे हैं, परंतु, फिर भी इस संदर्भ में नागरिकों का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। भारत के नागरिकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को भी इसी प्रकार सफल बनाया गया है। सरकार ने संसाधान जुटाए, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और शौचालय बनाने जैसे अनेक कार्य किए, लेकिन अभियान की सफलता तब सुनिश्चित हुई जब जनता ने सोचा कि गंदगी नहीं फैलानी है। इस अभियान से जब सब लोग जुड़े और जनता में चेतना और जागरूकता आई, तभी यह अभियान सफल हो सका। जनता में यही सोच जल संरक्षण के लिए भी जगाने की आज महती आवश्यकता है। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवत जी ने ह्यसुजलाम अंतरराष्ट्रीय सेमिनारह्व को संबोधित करते हुए जल का संयमित उपयोग करने एवं जल को बचाने का आह्वान किया। उक्त सेमिनार देश में चलाए जा रहे ह्यसुमंगलमह्व नामक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का भाग है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के पांच मूल तत्वों या ह्यपंचमहाभूतह्व ह्न पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष की शुद्धता को सुरक्षित रखने की अनूठी भारतीय अवधारणा को प्रस्तुत करना है। पर्यावरण संकट पर भारत सहित पूरी दुनिया में गहरा संकट देखने को मिल रहा है। इस महासंकट से निजात दिलाने में भारत सक्षम है। आईए पहले जल संकट की लगातार गम्भीर होती समस्या को समझने का प्रयास करते हैं। भारत में पूरे विश्व में उपलब्ध ताजे जल स्त्रोत का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही मौजूद है जबकि विश्व की कुल जनसंख्या के 18 प्रतिशत भाग को भारत में जल उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, वर्ष 2010 में देश में मौजूद कुल ताजे जल स्त्रोतों में से 78 प्रतिशत का उपयोग सिंचाई के लिये किया जा रहा था जो वर्ष 2050 तक भी लगभग 68 प्रतिशत के स्तर पर बना रहेगा। वर्ष 2010 में घरेलू कार्यों में उपयोग होने वाले जल की मात्रा 6 प्रतिशत थी जो वर्ष 2050 तक बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो जाएगी। इस प्रकार भारत में कृषि क्षेत्र जल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता बना रहेगा ताकि भविष्य के लिये पर्याप्त खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे। भारत के लगभग 198 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र का लगभग आधा हिस्सा ही सिंचित हैं। सिंचाई के लिये सर्वप्रमुख स्त्रोत के रूप में भूमिगत जल (63 प्रतिशत) का उपयोग किया किया जाता है, जबकि नहर (24 प्रतिशत), जलकुंड/टैंक (2 प्रतिशत) एवं अन्य स्त्रोत (11 प्रतिशत) भी इसमें अंशदान करते हैं। इस प्रकार, भारतीय कृषि में सिंचाई का वास्तविक बोझ भूमिगत जल पर है। समग्र स्थिति यह है कि 256 जिलों के 1,592 प्रखंड भू-जल के संकटपूर्ण अथवा अति-अवशोषित स्थिति में पहुंच गए हैं। इसी प्रकार जल संकट से जूझ रहे दुनिया के 400 शहरों में से शीर्ष 20 में 4 शहर (चेन्नई पहले, कोलकाता दूसरे, मुंबई 11वें तथा दिल्ली 15वें स्थान पर है) भारत में हैं। संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक के अनुसार देश के 21 शहर जीरो ग्राउंड वाटर स्तर पर शीघ्र ही पहुंच सकते हैं। देश में प्रतिवर्ष औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश होती है एवं बारिश के केवल 8 प्रतिशत पानी का ही संचय हो पाता है, शेष 92 प्रतिशत पानी बेकार चला जाता है। अतः देश में, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, भूजल का उपयोग कर पानी की पूर्ति की जा रही है। भूजल का उपयोग इतनी बेदर्दी से किया जा रहा है कि आज देश के कई भागों में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि 1000 फुट तक जमीन खोदने के बाद भी जमीन से पानी नहीं निकल पा रहा है। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विश्व में उपयोग किए जा रहे भूजल का 24 प्रतिशत हिस्सा केवल भारत में ही उपयोग हो रहा है। यह अमेरिका एवं चीन दोनों देशों द्वारा मिलाकर उपयोग किए जा रहे भूजल से भी अधिक है। इसी कारण से भारत के भूजल स्तर में तेजी से कमी आ रही है। हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि भारत के पहाड़ी इलाकों में कई स्थानों पर बहुत पुराने पानी के चश्मे थे। साथ ही, मैदानी क्षेत्रों में जल से भरपूर कूएं, बावड़ियां होती थीं। चश्मों, में बहुत स्वादिष्ट पानी रहता था। गर्मियों में भी वह पानी कभी सूखता नहीं था। परंतु पिछले अनेक वर्षों से मैदानी इलाकों में कूएं, नदियां और नाले सूखते जा रहे हैं। पहाड़ी इलाकों में चश्में भी सूख गए हैं, इनमें सदियों से बह रहा पानी लुप्त हो गया है। देश में इतनी बड़ी दुर्घटना कभी चर्चा का विषय नहीं बनी, यह हम सब जागरूक नागरिकों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसा कहा जा रहा है कि भारत में विदेशों से बीजों का आयात कर जो पौधे लगाए गए हैं, उनमें से कई पौधे नकारात्मक ऊर्जा वाले व हानिकारक हैं। इन पौधों से हवा, पानी, भूमि प्रदूषित हो रही है एवं प्राणियों के स्वास्थ्य, शरीर, मन पर गम्भीर दुष्प्रभाव हो रहे हैं। सम्भवतः जमीन का पानी भी इन पौधों के कारण सूख रहा है। भारत में जो भी विदेशी पौधे लगाये जा रहे हैं, उन्हें लगाने के पूर्व वनस्पति वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में इनकी विधिवत जांच की जानी चाहिये और उसके बाद ही कोई पौधा भारत की धरती पर लगाने की अनुमति दी जानी चाहिये।

# अपराध नहीं करने की कसम लेने वालों का पुनर्वास किया जाना चाहिए

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराधियों के प्रति सख्ती के दिए निर्देश के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। बड़े और पावरफुल अपराधी, डॉन और माफियाओं पर कार्रवाई होते देख अपनी जान बचाने के लिए छोटे-मोटे अपराधी अब अपनी पत्नी और बच्चों को ढाल बनाकर हाथ जोड़े थाने आ रहे हैं। सरेआम कह रहे हैं कि वे अपराध नहीं करेंगे। उनकी बात सुनकर बहुत अच्छा लग रहा है, प्रश्न यह है कि वह अब अपराध नहीं करेंगे, तो क्या करेंगे? परिवार का खर्च कैसे चलेगा? उनकी रोटी रोजी का क्या होगा? इन अपराधियों के बच्चों की शिक्षा का क्या होगा? क्योंकि हिस्ट्री शीटर बदमाश को कोई काम पर रखने से रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराधियों के प्रति सख्ती के आदेश के बाद अपराधियों के विरुद्ध पूरे प्रदेश में कठोर कार्रवाई तो हो ही रही है साथ ही उन्हें सलाखों के पीछे धकेलने के साथ ही उनके द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति भी सरकार द्वारा अधिगृहित की जा रही है। अवैध रूप से बने अपराधियों और हिस्ट्री शीटर के भवन और घर ढहाए जा रहे हैं। काबू में न आने वाले इनामी बदमाशों का शूटआउट किया जा रहा है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत सरकारी सूची से चिन्हित किए गए मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद समेत 25 नामी माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए 11.28 अरब की संपत्ति जब्त की गई। योगी सरकार में 5558 मामले दर्ज कर 22,259 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पिछले पांच सालों में 172 अपराधियों की मौत पुलिस की गोली से हुई है। पुलिस ने बताया कि 2023 के 11 दिनों में ही चार बदमाश मारे गए। कुल मारे गए बदमाशों में मेरठ जोन के सबसे अधिक 67 अपराधी थे। मुठभेड़ के दौरान 4562 आरोपी पुलिस की गोली से घायल होकर अस्पताल पहुंचे। 1375 पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस के 13 सिपाहियों की जान गई। उधर, बड़े अपराधियों, बड़े और पावरफुल अपराधी, डॉन और माफियाओं पर कार्रवाई होते देख अपनी जान बचाने के लिए छोटे-मोटे अपराधी अब अपनी पत्नी और बच्चों को ढाल बनाकर हाथ जोड़े थाने आ रहे हैं। ऐसा ही अभी बिजनौर शहर कोतवाली में नजारा देखने को मिला। शाहिद निवासी टिक्कोपुर हाथ जोड़ थाने में आया। उसके साथ बच्चे को गोद में लिए उसकी पत्नी भी थी। वह हाथ जोड़कर कह रहा था कि वह हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। वह वायदा करता है कि वह अपराध नहीं करेगा। ऐसा बिजनौर में ही नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में कई जगह हुआ। इसी तरह जान की भीख मांगते अपराधी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ थाने आ रहे हैं। वायदा करते रहे हैं कि वे अब अपराध नहीं करेंगे। प्रश्न यह है कि ये मरने के डर से अपराध नहीं करेंगे तो काम क्या करेंगे। हाथ जोड़कर थाने आने वाले अपराधियों का परिवार कैसे चलेगा? परिवार की रोटी-रोजी कैसे चलेगी? हिस्ट्री शीटर को कोई नौकरी तो देगा नहीं? भूखे कब तक रहेगा? परिवार की भूख के आगे बड़ेह्नबड़े घुटने टेक देते हैं। कहावत है कि भूख इंसान को गद्दार बना देती है। ऐसे में फिर उसे उसी रास्ते पर जाना पड़ेगा, जिसे मौत के डर से ये छोड़कर आए हैं। ऐसे में जरूरी है कि सरकारी स्तर से उनके लिए व्यवस्था हो, जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इन पर नजर रखें। देखें कि परिवार का जीवन यापन कैसे चल रहा है। इनकी आय का क्या साधन है। आज गांव में विकास के लिए काफी धन आ रहा है, गांव के प्रधान से कहा जा सकता है कि अपराध न करने का वायदा करने वाले की गतिविधि पर नजर रखें। देखें कि इसके परिवार का खर्च कैसे चल रहा है। चल रहा है या नहीं। नहीं चल रहा तो वह मनरेगा या किसी और योजना में काम दे। मजदूरी कराए। किसी ठेकेदार के साथ लगा दे। प्रशासनिक अधिकारी भी किसी उद्योगपति से उसे उसकी क्षमता के हिसाब से काम देने को कह सकते हैं। अपराध छोड़ने वाले परिवार की जिम्मेदारी किसी समाजसेवी संगठन को भी दी जा सकती है। थाने आकर अपराध ना करने की घोषणा करने वाले अपराधियों के पुनर्वास के लिए समाज, सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशाससन को सोचना होगा। ऐसी व्यवस्था करानी होगी कि उसे परिवार के भरण-पोषण का खर्च मिलता रहे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो मजबूरन ये फिर पुराने रास्ते पर लौट सकते हैं।

# ख्वाजा गरीब नवाज के 811 वां उर्स के मौके पर संदली चादर के साथ शहर गश्त सम्पन्न

**भारी तादाद मे जुलूस मे हुये अकीदतमंद हजरात शामिल)**



**हिण्डोरिया।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कौमी एकता के अलमबरदार, अमन एवं शांति के मसीहा हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती, हसन संजरी, अता ए रसूल व नायबे मुहम्मद के 811 वा मुकद्दस उर्स के मौके पर नगर के प्रमुख मार्ग पर संदली चादर आतिशबाजी, गाजे,बाजे, डीजे, सीनरी के साथ निकाली गई !जिसमे भारी संख्या मे ख्वाजा गरीब नवाज के चाहने मानने वाले हजरात शामिल हुये !इस मौके पर सबसे पहले ख्वाजा के दीवाने खानकाह नूरी फरीदी में पूरी अकीदत एंव शिद्दत के साथ भारी तादाद मे एकत्रित हुये! यहां से नगर के प्रमुख मार्गो से संदली चादर जुलूस बाअदब के साथ निकाला गया ! जुलूस का रास्ते भर इस्तकवाल किया गया! एवं संदली चादर शरीफ में बोसा लेकर दिल खोलकर अकीदत का नजराना पेश किया गया ! संदली चादर जुलूस हजरत बाबा महबूब शाह रहमतुल्लाह के मजार परिसर में विधिवत फातेहा व तवर्रुक वितरण के बाद समाप्त हुआ!

# अब जिला पंचायत अध्यक्षों को भी मिलेगी राज्य मंत्री की सुविधाएं

**भोपाल ।** राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रदेशभर के जिला पंचायत अध्यक्षों को अब राज्य मंत्री की तरह आवास, सुरक्षा जैसी अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। राज्यमंत्री को मिलने वाली सुविधाओं और प्रोटोकाल का अब पूरा पालन किया जायेगा । उक्त आशय की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने गुरूवार को अपने निवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के नेतृत्व में पहुंचे प्रदेश के 44 जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष की।दरअसल गुरूवार को जिला पंचायत सागर के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रदेश भर से 44 जिला पंचायत अध्यक्ष अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे । इस अवसर पर प्रदेश के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया भी जिला पंचायत अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचे । जिला पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने प्रत्येक मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को विस्तार से समझाते हुए मांगों के संबंध में अपना पक्ष रखा । 45 मिनिट तक सभी मांगो को ध्यान से सुनने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने जिला पंचायत अध्यक्षों को राज्य मंत्री के रूप में दिये गए प्रोटोकाल का विधिवत पालन कराने, आवास एवं सुरक्षा प्रदान करने, राष्ट्रीय पर्व के समय जिले में मंत्रीगणों की अनुपस्थिति पर जिला पंचायत अध्यक्ष से ध्वजारोहण कराने, जिला पंचायत अध्यक्षों को दिये जाने वाले मानदेय एवं भत्ते में वृद्धि कर 1 लाख रूपये किये जाने, जिला पंचायत से स्वीकृत होने वाले सभी निर्माण कार्यो में जिला पंचायत अध्यक्षों से अनुमोदन लिये जाने एवं सांसद एवं विधायकों की भांति जिला पंचायत अध्यक्षों को शासन की तरफ से परिचय पत्र जारी करने की मांग को तुरंत स्वीकार कर अमल करने की घोषणा की । इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि जिला



पंचायत अध्यक्षों की अन्य मांगों पर अधिकारियों का दल बनाकर परीक्षण उपरांत जल्द लागू करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष एवं सागर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके नेतृत्व में वर्ष 2023 में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी, हम सब चाहते हैं कि आपके दिये गए अधिकारों का उपयोग कर प्रदेश की जनता के हित में पार्टी की अवधारणा को आगे ब?ाते हुए समग्र विकास की परिकल्पना को साकार करें।जिला पंचायत अध्यक्षों के प्रतिनिधिमंडल में हरदा गजेन्द्र शाह, शिवपुरी नेहा यादव, श्यो पुर गुडडी बाई यादव, अशोकनगर जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नरसिंहपुर ज्योति काकडिया, छतरपुर शशिकांत अग्निहोत्री, मंदसौर दुर्गा पाटीदार, धार सरदार सिंह मेडा, आगर मालवा मुन्नी बाई चौहान, मुरैना आरती गुर्जर, उज्जैन कमला देवडा, विदिशा गीता रघुवंशी, दतिया इंदिरा दांगी,निवाडी सरोज राय,पन्ना मीना राज सिंह, राजगढ़ चंदर सिंह सोदिया, सीधी मंजू सिंह, नीमच सज्जन सिंह चैहान, खरगौन अंजू बाई तवर, सतना रामखेलावन कोल, भिंड कामना सिंह, बडवानी बलवंत सिंह पटेल, टीकमगढ़ उर्मिला सिंह, उमरिया अनुजा पटेल, बुरहानपुर गंगाराम मार्को, नर्मदापुरम राधाबाई पटेल सहित 44 जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

**यह थीं प्रमुख मांगें**-शासन द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है, अतः प्रोटोकाल का विधिवत पालन हो इस संबंध में शासन द्वारा कलेक्टर को स्पष्ट निर्देश प्रसारित किये जायें, पूर्व वर्षो की भांति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली पर मतांकन के अधिकार दिये जायें, जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों में पदस्थ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण के पूर्व अनुमोदन के अधिकार प्रदत्त किये जावें, जिला पंचायत अध्यक्षों का मानदेय एवं वाहन भत्ता डीजल सहित वृद्धि की जाकर राशि रूपये 1 लाख की जाये, जिला पंचायत अध्यक्षों को स्वेच्छा विकास निधि 25 लाख रूपये प्रति विधानसभा क्षेत्र के मान से प्रदाय की जावे, पंचायत राज अधिनियम 1994 को पुनः यथावत लागू किया जावे, जिला पंचायत अध्यक्षों को विधायक / सांसद की भांति परिचय पत्र जारी किया जावे, जिला पंचायत से स्वीकृत होने वाले सभी तरह के निर्माण कार्यो के साथ-साथ जिसमें मनरेगा निर्माण कार्य भी शामिल है, जिला पंचायत अध्यक्षों से अनुमोदन लिया जावे, राष्ट्रीय पर्व के समय जिन जिलों में मंत्रीगण नहीं पहुंच पाते हैं वहां जिला पंचायत अध्यक्षों से ध्वजारोहण कराया जावे, जिला पंचायत अध्यक्षों को जिला योजना समिति में पदेन सदस्य घोषित किया जाये, जिले में गौण खनिज की राषि से स्वीकृत होने वाले विकास कार्यो की समिति में जिला पंचायत अध्यक्ष को शामिल किया जावे, जिला पंचायत अध्यक्षों को 15 वें वित्त अथवा अन्य मदों की जो राशि शासन द्वारा प्राप्त होती है , उससे कम से कम तीन गुना वृद्धि की जावे।

# कोतवाली पुलिस को मिली बडी सफलता वायरल वीडियों में हथियार लहराते हुये आरोपीगणों को 24 घण्टे में थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार.

## आरोपियों से जब्त किये हथियार

### सम्पूर्ण थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने हेतु

पुलिस अधीक्षक दमोह अति0 पुलिस



अधीक्षक , नगर पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत को लगातार क्षेत्र में भ्रमण करने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया। जो दिनाँक 19.01.2023 को दमोह शहर के पलंदी चौरहे दिमरोला मुहल्ला में दो नव युवको द्वारा हाथ में तलवार, बका लेकर लहराने का वीडियों वायरल होने पर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा उक्त वायरल वीडियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कोतवाली निरी. विजय राजपूत को



आदेशित किया गया जिसके पालन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा विशेष टीक गठित कर उक्त नव युवको की तलाश पतारसी हेतु लगाया गया था जो आज दिनाँक 19.01.2023 को उक्त टीम द्वारा नव युवको को वायरल वीडियो के आधार पर ज़ शिनाख्त कर उक्त आरोपीगणों से वीडियों में प्रयुक्त एक लोहे की तलवार, एक लोहे की बका जन्त किया है जो उक्त आरोपियों का कृत्य आयुध अधिनियम की धारा 25-बी एक्ट के तहत् दण्डनीय पाये जाने से दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया, एवं उनके विरूद्ध आयुध अधिनियम की धारा 25-बी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**नाम आरोपी-** 01 - लूडो उर्फ केशव पिता रतिराम पारासर उम्र 22 साल निवासी पलंदी चौरहा

02- राजा रैकवार पिता बब्लू रैकवार उम्र 20 साल निवासी पलंदी चौरहा

**जन्त मशरूका** 01 एक लोहे की तलवार

102- एक लोहे का बका

सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत, उप निरी. रोहित द्विवेदी सउनि रघुवीर सिंह, आर. नवीन आर. नरेन्द्र पटैरिया, आर. योगेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

# जेबीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय कैरियर मेले का आयोजन किया गया

**दमोह** के शासकीय जे.पी.बी. कन्या उ.मा.विधालय दमोह में आयोजित संकुल स्तरीय कैरियर मेला के आयोजन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की साईवर सेल टीम प्रभारी सत्येंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सौरभ व प्रधान आरक्षक अजीत दुबे द्वारा विधालय में पहुंचकर प्राचार्य की उपस्थिति में शिक्षक-शिक्षिकाओ एवं छात्राओ को सायवर जागरूकता संबंधी एवं केरियर संबंधी प्रशिक्षण दिया गयाद्य मेले में बताया गया कि किस प्रकार से छात्राएं व्यवसायिक पाठ्यक्रम के जरिए अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकती है द्य ब्यूटीशियन अलका मिश्रा ने बताया कि छात्राएं ब्यूटी पार्लर का कोर्स करके आत्मनिर्भर बन रही हैं यह पाठ्यक्रम अभी सिर्फ जेबीबी स्कूल में शुरू हुआ है इसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं स्कूल में हैद्य छात्राओं के लिए ब्यूटीशियन लैब, डमी बॉडी ,मशीनें आदि चीजें यहां पर उपलब्ध है जिसके माध्यम से हम छात्राओं ब्यूटी ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण देते हैं द्ययदि छात्राएं इसमें आगे भी पढ़ाई करना चाहे तो कमला नेहरू कॉलेज में इसकी पढ़ाई आगे की जा सकती है वही प्रशिक्षक रोशनी चंद्राकर द्वारा छात्राओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का शिक्षण दिया जा रहा हैद्य मेडिकल क्षेत्र में भी



छात्राओं को बहुत से विकल्प उपलब्ध हैद्य यदि छात्राएं इस प्रकार का प्रशिक्षण कोर्स करती है तो वह खुद भी आत्मनिर्भर बन सकती है बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकती हैद्य इसके लिए भी स्कूल में पर्याप्त सुविधा एवं है छात्राएं भी इस तरह के प्रशिक्षण ले रही हैं

# सभी छात्र छात्राएं परीक्षा के तनाव से मुक्त हो इस उद्देश्य से जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



परीक्षा का नाम सुनते ही सभी के पसीने छूट जाते हैं परीक्षा एक ऐसा शब्द है जिसे सोच कर ही तनाव उत्पन्न हो जाता हैद्य बच्चों को तनाव ना हो बच्चो का मस्तिष्क स्वस्थ रहे बच्चे परीक्षा के तनाव से दूर रहेंद्य इसी उद्देश्य से आज दमोह के उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाइस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 18 स्कूलों से 650 से अधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लियाद्य इस प्रतियोगिता के कारण बच्चों ने अपने मन के भाव अपनी पेंटिंग में दर्शाए कहा जाता है कि यदि मस्तिष्क स्वस्थ रहेगा तनाव मुक्त रहेगा तो हमारा शरीर भी सभी रोगों से दूर रहेगा तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए यह जरूरी है कि हम अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखें इसके लिए चित्रकारी भी एक जरिया हो सकती है द्य जिसके द्वारा आप अपने मनोभाव दिखा सकते हैं चित्रकला प्रतियोगिता में आकर बच्चे बहुत ही प्रसन्न दिखाइए दिए द्यसभी ने एक से एक सुंदर चित्र बनाएं इन चित्रों को देखकर मानो ऐसा लग रहा था जैसे बच्चों ने अपने मनोदशा दिखाई हो इस प्रतियोगिता को कराने में शिक्षकों ने कोई भी कमी नहीं छोड़ी हर छात्र छात्राओं को पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई परीक्षा का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी एस के मिश्रा ने किया साथ , मे उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस एल अहीरवाल सर आलोक सोनवलकर जेसीबी स्कूल के प्राचार्य डीके मिश्रा शरद मिश्रा आदि शिक्षक भी निरीक्षण में रहे।

### पटेरा जनपद सीईओ जैन ने भटिया ग्राम पंचायत में भृमण कर योजनाओं का लिया जायजा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पटेरा ब्रतेश जैन ने आज जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भटिया का भृमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। यहां पी.एम. आवास योजना व आयुष्मान कार्ड प्रगति के विषय मे पँचायत कर्मचारियों और ग्रामीण हितग्राहियों से चर्चा कर सभी को लाभ दिलाने के लिये कहा।



# युवाओं को मतदाता दिवस की दिलाई शपथ

जिला निर्वाचन कार्यालय दमोह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की जागरूकता हेतु संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया में के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल दमोह और मिशन जन जागृति युवा मंडल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक द्वारा युवाओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के बारे में जानकारी देकर सभी युवाओ से 25 जनवरी 2023 को आयोजित



होने बाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। इस अवसर पर युवाओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। वही संस्था बांसा तारखेड़ा नेहरू युवक मंडल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाकोट में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी और शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य राजा भट्कारिया, ज्योति कुशवाहा, सविता चौहान, अनिल सोनी के साथ जितेंद्र सिंह राजपूत की उपस्थिति रही

# प्रख्यात गौडीय संत नारायण स्वामी का आविर्भाव महोत्सव 21 जनवरी को

मथुरा।।वृन्दावन।सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में प्रख्यात गौडीय संत श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज का 12 वां आविर्भाव महोत्सव 21 जनवरी 2023 को प्रातः 11 बजे से अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रील भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदनाचार्य गोस्वामी महाराज (विश्वबन्धु) के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रख्यात संत श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक, वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन, संत - विद्वत संगोष्ठी एवं संत ब्रजवासी वैष्णव सेवा के साथ वृहद भंडारा भी आयोजित किया गया है।



# दो हजार जगहों पर अवैध शराब पकड़ने वाले संगठन पर एसपी का रोकने का प्रयास

## एसपी ' अवैध शराब नहीं पकड़ोगे संगठन ' लिखित आदेश दो अन्यथा पकड़ेंगे हमारा मौलिक अधिकार है

**दमोह।**भगवती मानव कल्याण संगठन जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह एवं केंद्रीय उपचार मंत्री भुज्जी लाल सेन जी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अवैध शराब के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दमोह एसपी को एक ज्ञापन दिया है जिसमे संगठन के द्वारा विगत वर्षो से नशा विरोधी जन आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें संगठन के द्वारा करीब 2000 जगहों पर अवैध शराब की खेपे पकड़वाई गई पूर्व में पुलिस अधीक्षक द्वारा संगठन का सहयोग लेकर काफी सराहनीय कार्य रहा जिले के शहर एवं गांवों में शराब के नशे में आए दिन चाकू बाजी अपराध मर्डर जैसी घटनाएं आम बात हो गई है जिस पर पुलिस पाबंदी लगाने में नाकाम है कुछ दिन पहले शराब के नशे में धुत होकर चाकूबाजी जैसी घटनाएं शहर सामने आई अवैध शराब का दिनदहाड़े व्यापार किया जा रहा है एक सरकारी शराब ठेके से 10 अवैध दुकानें चलाई जा रहे हैं अवैध शराब रोकने में पुलिस नाकाम नजर आ रही है भगवती मानव कल्याण संगठन लगातार अवैध शराब पकड़ने में सक्रिय है जिससे काफी अपराध में भी पाबंदी लगी है ऐसे हालात में भगवती मानव कल्याण संगठन को अवैध शराब पकड़वाने मैं एसपी के द्वारा रोक लगाई जा रही है कि आप अवैध शराब नहीं पकड़ेंगे केवल सूचना देंगे संगठन का आरोप है की पुलिस और शराब माफियाओं की मिलीभगत से यह रोक लगाई जा रही है अवैध शराब बिक्री करने वालों से पुलिस को कमीशन जाता है इसी को लेकर पुलिस रोकने का प्रयास कर रही है अवैध शराब की बिक्री को अगर पुलिस रोक दें तो हम लोग पकड़ेंगे ही कहां से जब खुलेआम दिनदहाड़े अवैध शराब बिक्री की जा रही है तो समाज में क्या असर



पड़ेगा दिनांक 4 एक 2023 को संगठन के कार्यकर्ता जगदीश सिंह कुशल सिंह को तेंदूखेड़ा के थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी बनवार थाना नोहटा में गुलाब सिंह एवं राम जी नामदेव को बुलाकर कहा कि आप लोग अवैध शराब नहीं पकड़ेंगे सिर्फ सूचना देंगे यह आदेश पुलिस अधीक्षक दमोह ने दिया जबकि अवैध शराब की बिक्री पर एवं परिवहन किए जाने पर रोक लगाने एवं पकड़ने एवं पकड़वाने की सहमति पूर्व के पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई जबकि संविधान के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अपराध को रोकथाम करने का मौलिक अधिकार है यदि अगर पकड़ने एवं पकड़वाने का अधिकार नहीं है तो पुलिस अधीक्षक द्वारा हम भगवती मानव कल्याण संगठन की सदस्यों को लिखित आदेश दिया जाए कि आप लोग अपराध नहीं पकड़ सकते केशवदास अवैध शराब पकड़ेंगे एवं पकड़ो आएंगे क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब चरम सीमा पर बिक्री की जा रही है जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन अवैध शराब एवं अवैध परिवहन करने को रुकेगा यदि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब का पकड़ने की छूट नहीं दी जाती तो संगठन भविष्य में विशाल धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा क्योंकि संगठन समाज सेवी संगठन है समाज में अवैध शराब जैसी बुराई को समाज से दूर करने के लिए संकल्पित है और समाज को अमन-चैन का जीवन प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है भगवती मानव कल्याण संगठन का रजिस्ट्रेशन नंबर 26628/1995 दिनांक 15 3 1995 है जो थाना प्रभारी गैसाबाद द्वारा मांगा गया थाना थाना तेंदूखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत करीब 90 90 जगह पर अवैध शराब की बिक्री पुलिस के सहयोग से की जा रही है दमोह एसपी साहब ना मिलने से एडिशनल एसपी को ज्ञापन दिया एडिशनल एसपी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक का आदेश है वही हमने आपको बताया

# शुभमन गिल के दोहरे शतक से जीता भारत, घरेलू मैदान पर लगातार छठी जीत, माइकल ब्रैसवेल का शतक गया बेकार




**हैदराबाद ।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 12 रन से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में मिली इस जीत से टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। साथ ही उसने घरेलू मैदान पर लगातार छठे मैच में जीत हासिल की है। इससे पहले भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो और श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच जीते थे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में 21 जनवरी (शनिवार) को खेला जाएगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुभमन गिल के दोहरे शतक की बदौलत टीम इंडिया ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम जीत के करीब पहुंच गई, लेकिन वह लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी। कीवी टीम 49.2 ओवरों में 337 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 20 रन बनाने थे। गेंदबाजी करने के लिए शार्दुल ठाकुर आए। उनकी पहली गेंद पर माइकल ब्रैसवेल ने छक्का मार दिया। उसके बाद शार्दुल ने वाइड फेंक दी। इस तरह पांच गेंद पर अब 13 रन चाहिए थे। शार्दुल ने चालाकी दिखाई और ब्रैसवेल को फुल लेंग्थ की गेंद पर फेंकी। वह उसे नहीं खेल पाए और गेंद उनके पैड से लगी। शार्दुल की अपील पर अंपायर ने आउट दे दिया। ब्रैसवेल ने रिव्यू लिया, लेकिन थर्ड अंपायर ने भारत के पक्ष में फैसला दिया। इस तरह टीम इंडिया आखिरी ओवर में हारते-हारते बच गई। अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए रोहित शर्मा रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम इंडिया को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। रोहित 38 गेंद पर 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। रोहित ने इस पारी के दौरान एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह वनडे में घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी (123 छक्के) को पीछे छोड़ा। रोहित के 125 छक्के हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाने वाले विराट कोहली का बल्ला इस मैच में नहीं चला। कोहली आठ रन बनाकर आउट हो गए। ईशान किशन को दोहरा शतक लगाने के बाद पहली बार खेलने का मौका मिला। वह पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने अच्छी शुरूआत तो की, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। सूर्या 31 और हार्दिक 28 रन बनाकर आउट हो गए। वॉशिंगटन सुंदर ने 12 रन बनाए।

# एक ही कमरे में रहते हैं दोहरा शतक लगाने वाले गिल और किशन, रोहित से बातचीत में खुलासा

**हैदराबाद ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम ने 12 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349 रन बनाए। इसके जवाब में कीवी टीम 337 रन ही बना पाई और मैच हार गई। भारत के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 208 रन बनाए। हालांकि, उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। 34 रन बनाने वाले रोहित शर्मा टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। शुभमन गिल ने अकेले भारतीय टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। पहले उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की, क्योंकि एक छोर पर विकेट गिरते जा रहे थे। इसके बाद आखिरी ओवरों में तूफानी अंदाज में रन बनाए और आखिरी पांच ओवरों में 57 रन जोड़ दिए। गिल मैच के आखिरी ओवर में 208 रन बनाकर आउट हुए। पूरा इंटरव्यू देखने के लिए यहां क्लिक करें... इस पारी के साथ शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। ईशान ने 24 साल की उम्र में यह कारनामा किया था, जबकि गिल ने 23 साल की उम्र में यह कर दिखाया। गिल के दोहरे शतक के बाद कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने वनडे में 200 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में उनका स्वागत किया। इस दौरान रोहित ने बताया कि शुभमन गिल और ईशान किशन एक ही कमरे में रहते हैं और दोनों ने एक महीने के अंतराल में वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने का गौरव हासिल किया है। इस बातचीत में गिल ने बताया कि ईशान किशन अपने आईपैड पर फिल्में देखते रहते हैं और इयरफोन भी नहीं इस्तेमाल करते। इस वजह से वह ठीक से सो नहीं पाते हैं। जब गिल किशन को फिल्म देखने से मना करते हैं तो किशन का जवाब होता है कि तू मेरे कमरे में रह रहा है। सब कुछ मेरे हिसाब से होगा।



# भारतीय फैंस की सांसे अटकाने वाले ब्रेसवेल को विरासत में मिला क्रिकेट, पिता-चाचा और भाई भी क्रिकेटर

**हैदराबाद ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में कीवी टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारत ने यह मैच 12 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल ने शानदार शतक लगाया। उन्होंने 78 गेंद में 140 रन की पारी खेली, लेकिन आखिरी ओवर में वह आउट हो गए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। मैच के आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। ब्रेसवेल ने पहली गेंद में छक्का लगाया, लेकिन अगली गेंद में वह आउट हो गए। शुभमन गिल के शतक की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था और कीवी टीम ने 131 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में ब्रेसवेल ने शतकीय पारी खेलकर कीवी टीम को मैच में वापस ला दिया। उन्होंने सैंटनर के साथ शानदार साझेदारी की। वह महेंद्र सिंह धोनी



के बाद दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं, जिसने सातवें नंबर पर या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए वनडे में शतक लगाया है। ब्रेसवेल के अंकल और भाई भी क्रिकेटर पिछले साल मार्च में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 31 वर्षीय ब्रेसवेल ने इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ भी एक मैच में नाबाद 127 रन बनाये थे, जब न्यूजीलैंड ने एक समय पर 153 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे। उनके परिवार में अंकल जॉन ब्रेसवेल, ब्रेंडन ब्रेसवेल और कजिन डग ब्रेसवेल भी टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं। उनके पिता मार्क न्यूजीलैंड के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेले हैं। मैच के बाद ब्रेसवेल ने कहा ,मुझे घरेलू क्रिकेट के अनुभव का काफी फायदा मिला है। मुझे पता है कि किस तरह से खेलना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस अनुभव का फायदा मिल रहा है।सौ प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड में काफी टी20 क्रिकेट खेला है और वह उसी अंदाज में बेखौफ खेलते नजर आये। उन्होंने कहा ,टी20 का मुझ पर काफी प्रभाव रहा है।

# दूसरे दौर में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए शीर्ष दो खिलाड़ी, कैस्पर रुड को जेनसन ने हराया

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में उलटफेर का सिलसिला जारी है। पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल के बाद दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रुड भी दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कैस्पर रुड को अमेरिका के जेन्सन ब्रुक्स्बी ने 6-3, 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। इसके साथ ही खिताब जीतने के दो प्रबल दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। इससे पहले शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल को टेनिस रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज अमेरिका के मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने सीधे सेटों में हराया था। नडाल और केस्पर रुड के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद सितसिपास और नोवाक जोकोविच पुरुष एकल में खिताब जीतने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। नडाल ने इस टूर्नामेंट के पहले राउंड में जैक ड्रैपर को मात दी थी। हालांकि, वह बहुत अच्छी लय में नहीं दिख रहे थे। दूसरे राउंड में उन्होंने अच्छी शुरूआत की, लेकिन पहला सेट हार गए। दूसरे सेट में वह चोटिल हो गए और ब्रेक लिया। ब्रेक से वापस आने के बाद वह पुरानी लय में नहीं दिखे और मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। कैस्पर रुड के भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने का तरीका नडाल से मिलता-जुलता है। दूसरे राउंड में शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद उन्होंने मेडिकल टाइम आउट लिया था और तीसरा सेट 7-6 के करीबी अंतर से अपने नाम किया।

# आमने-सामने होंगे मेसी और रोनाल्डो, एम्बाप्पे और नेमार भी होंगे शामिल

**रियाद।** विश्व के दो दिग्गज फुटबालर लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को आमने-सामने होंगे। इस बार दोनों अपनी-अपनी नई टीमों के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। मेसी पेरिस



सेंट जर्मेन (पीएसजी) और रोनाल्डो अल नास्त्र क्लब के लिए खेल रहे हैं। रोनाल्डो इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को छोड़कर अल नास्त्र क्लब के साथ जुड़े हैं। यह मैच सऊदी ऑल स्टार एकादश बनाम पीएसजी एकादश के बीच रियाद के किंग फाहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। सऊदी ऑल स्टार एकादश में अल नास्त्र और अल हिलाल क्लब के खिलाड़ी शामिल हैं। मेसी दिसंबर में अर्जेंटीना को विश्वकप की ट्रॉफी दिलाकर आत्मविश्वास से भरे हैं, वहीं रोनाल्डो को मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब और पुर्तगाल की टीम ने बाहर किया हुआ है। इंग्लिश फुटबाल संघ के दो मैचों के प्रतिबंध के चलते रोनाल्डो सऊदी अरब में पहली बार खेलते हुए दिखाई देंगे। रोनाल्डो क्लब के लिए पदार्पण रविवार को अल इत्तिफाक के खिलाफ करेंगे। पीएसजी एकादश में काइलिन म्बापे और नेमार को भी शामिल किया जा सकता है।

# भारत का तीसरा मैच वेल्स से , क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंचने के लिए ये हैं समीकरण

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर भारत को हॉकी विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए गुरुवार (19 जनवरी) को वेल्स पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पूल डी में भारत और इंग्लैंड के चार-चार अंक हैं, लेकिन इंग्लैंड ज्यादा गोल करने की वजह से शीर्ष पर है। इसके साथ ही इंग्लैंड भी अपने अंतिम मुकाबले में स्पेन पर जीत दर्ज कर पूल डी में शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 7:00 बजे से खेला जाएगा। भारत ने अपने पहले मैच में स्पेन को 2-0 से हराया था, जबकि दूसरा मुकाबला इंग्लैंड के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स पर 5-0 की जीत दर्ज की थी। तीसरे स्थान पर चल रहे स्पेन ने वेल्स को 5-1 से हराया था। इस पूल में अंतिम स्थान पर चल रहे वेल्स को छोड़कर शेष तीनों देश अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के दावेदार हैं। विश्वकप में खेल रही 16 देशों की टीमों को 4-4 के पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल के पहले नंबर की टीम को सीधे अंतिम आठ का टिकट मिलेगा। शेष



चार टीमें क्रॉस ओवर के जरिये क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। भारत के लिए अंतिम आठ में पहुंचने की संभावनाएं भारत वेल्स को हरा दे और स्पेन व इंग्लैंड का मैच ड्रॉ हो जाए, तो सात अंकों के साथ भारत पहले नंबर पर पहुंच जाएगा। भारत और इंग्लैंड दोनों जीत जाएं या दोनों के मुकाबले ड्रॉ रहें, तब जिसके गोल ज्यादा होंगे, वह पहले स्थान पर रहेगा। स्पेन इंग्लैंड को हरा दे। वेल्स भारत को ड्रॉ पर रोक दे या हरा दे, तब स्पेन शीर्ष पर पहुंच जाएगा। पेनाल्टी कॉर्नर को बदलना होगा गोल में पिछले दो मैचों में भारत को नौ पेनाल्टी कॉर्नर मिले। इनमें से सिर्फ एक पर स्पेन के खिलाफ गोल हुआ था। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ मिले चारों पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं हो सके। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ भारत की रक्षापंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड को मिले आठ पेनाल्टी कॉर्नर भारतीय टीम ने नाकाम किए थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने से उत्साहित भारतीय टीम के पास अपने घर में इस बार विश्वकप जीतने का सुनहरा मौका है। स्टार ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत पेनाल्टी कॉर्नर पर गेंद को नियंत्रित करने में चूक रहे हैं। उन्हें और शेष खिलाड़ियों को आक्रामक रुख अपनाते हुए ज्यादा से ज्यादा गोल करने पर ध्यान देने की जरूरत है। वेल्स पर जीत का रिकॉर्ड 100 फीसदी भारत और वेल्स के बीच अब तक कुल तीन हॉकी मुकाबले हुए हैं। इनमें भारतीय टीम ने सभी मैच जीते हैं। भारत ने तीनों बार 2014, 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान वेल्स को हराया था। पिछले साल बर्मिंघम में भारत ने वेल्स पर 4-1 की जीत दर्ज की थी। विश्वकप में पहली बार दोनों देश आमने-सामने होंगे।

# ग्लोबल मार्केट में गिरावट से बाजार फिसला, सेंसेक्स 125 अंक टूटा, निफ्टी 18100 के नीचे

वैश्विक बाजार में मंदी के बढ़ रहे खतरे का असर गुरुवार की सुबह घरेलू बाजार पर भी दिखा। वीकली एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 125 अंकों की गिरावट के साथ 60920.20 अंकों पर ओपन हुआ। वहीं दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स 45 अंकों की कमजोरी के साथ 18119 के स्तर पर खुला। बैंक निफ्टी गुरुवार को 41 अंक फिसलकर 42416 अंकों पर खुला। फिलहाल शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स में 200 से अधिक अंकों की गिरावट दिख रही है। निफ्टी भी 18100 के लेवल के नीचे कारोबार कर रहा है। शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे



गिरकर 81.45 के लेवल पर पहुंच गया। सेंसेक्स के ज्यादातर शेयर गुरुवार को लाल निशान पर कारोबार करते दिख सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को बिकवाली का दबाव दिख रहा है। इस दौरान एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स और सन फार्मा जैसी कंपनियों के शेयरों में मजबूती दिख रही है। वहीं दूसरी ओर कोटक महिंद्रा, अल्ट्राटेक, भारती एयरटेल, नेस्ले इंडिया और कोटक बैंक के शेयरों में गिरावट नजर आ रही है। अदाणी ग्रुप के एफपीओ पर खुदरा निवेशकों को 10-15 प्रतिशत तक का मिलेगा डिस्काउंट अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी इंटरप्राइजेज का एफपीओ (फॉलो ऑन पब्लिक ऑफरिंग) 27 जनवरी को खुलेगा। निवेशक 31 जनवरी तक इस एफपीओ में निवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि अदाणी इंटरप्राइजेज एफपीओ भारतीय शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ होगा। इस एफपीओ के जरिए कंपनी 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश हासिल करना चाहती है। कंपनी ने रिटेल निवेशकों को 10-15% के डिस्काउंट पर शेयर्स जारी करने का ऑफर दिया है। कंपनी ने बुधवार को अपनी एक्सचेंज फाइलिंग के दौरान बताया है कि उसने अपने एफपीओ के लिए 3112 रुपये से 3276 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है।

# 163 साल पहले स्कॉटिश अर्थशास्त्री ने पहली बार पेश किया बजट, जानें इससे जुड़े रोचक तथ्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2023 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पेश करेंगी। साल 2024 में आम चुनाव होंगे इस लिए उससे पहले आने वाला यह बजट कई मायनों में अहम है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत हर वित्तीय वर्ष की शुरूआत से पहले सरकार को ओर से ब्रिटिश क्राउन के समक्ष पेश किया गया था। इस बजट को 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। केंद्रीय बजट के शुरूआती 30 वर्षों में इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर नाम के शब्द की कोई चर्चा नहीं थी। बजट में यह शब्द पहली बार 20 शताब्दी की शुरूआत में शामिल किया गया। आजाद भारत का पहला बजट कब पेश किया




संसद में केंद्रीय बजट या बजट पेश करना जरूरी होता है। केंद्रीय बजट किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली आमदनी और खर्चों से जुड़ा दस्तावेज है। यह वित्तीय वर्ष हर साल 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होता है। देश में सरकार की ओर से बजट पेश करने की शुरूआत 19वीं सदी में ही हो गई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था पहला बजट देश का पहला बजट 163 साल पहले अंग्रेजी शासन के दौरान पेश किया गया था। इसे स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ जेम्स विल्सन ने ईस्ट इंडिया कंपनी की गया? आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। इस बजट में किसी नए टैक्स की घोषणा नहीं की गई थी। इस बजट की कुल राशि का लगभग 46% लगभग 92.74 करोड़ रुपये रक्षा सेवाओं के लिए अलॉट किया गया था। एक वैज्ञानिक और देश के बजट का कनेक्शन! प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने की थी।

# 'वे बेहद कठिन काम संभाल रही हैं', सीतारमण पर बोले RBI के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, बजट पर दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के समिट के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर बड़ी टिप्पणी की है। एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान राजन ने कहा कि सीतारमण एक बेहद कठिन कार्य संभाल रहीं हैं। रघुराम राजन जो भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार की ज्यादातर पॉलिसीज के आलोचक रहे हैं उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में कहा है कि वे एक कठिन कार्य कर रहीं हैं, ऐसे में मैं अच्छे या बुरे के रूप में उनके कार्य का मूल्यांकन करने वाला कोई नहीं होता। दावोस में जब एक पत्रकार ने राजन से पूछा कि वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को क्या रैंक देंगे? तो उन्होंने कहा कि मैं उन्हें रैंक नहीं दे सकता, मैंने ऐसा कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे एक कठिन कार्य कर रहीं हैं, ऐसे में जो व्यक्ति काम कर रहा है उन्हें मैं कोई रैंकिंग नहीं दे सकता है। रघुराम राजन ने कहा कि असली चिंता लोअर मिडिल क्लास की है। राजन के अनुसार इस वर्ग को लेकर अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार की कमी है। बड़े व्यवसाय बढ़िया कर रहे हैं। उन्होंने अपने कर्ज का भुगतान महामारी के दौरान भी किया। बैंकों ने भी अपना बैड लोन राइट ऑफ कर दिया है। ऐसे में बैंक और बड़े कारोबार आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। पर दिक्कत लोअर मिडिल क्लास के साथ है। कोरोना के दौरान उनमें से कुछ लोगों की नौकरियां तक चली गईं हैं। छोटे और मध्यम उद्योग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे फिर से बेहतर करने की कोशिशों में जुटे हैं, वे वापस लौट रहे हैं।


# माइक्रोसॉफ्ट में सबसे बड़ी छंटनी, टेक कंपनियों ने छह दिन में 30611 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** वैश्विक मंदी के डर से दुनियाभर की प्रौद्योगिकी कंपनियां बड़े स्तर पर छंटनी कर रही हैं। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भी पांच फीसदी यानी 11,000 तक कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। माइक्रोसॉफ्ट में इसे अब तक की सबसे बड़ी छंटनी माना जा रहा है। कंपनी जुलाई में भी 1,000 कर्मियों को निकाल चुकी है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा कि आज हम ऐसे बदलाव कर रहे हैं, जो हमसे जुड़े व्यक्ति के लिए ?चुनौतीपूर्ण है। निकाले जाने वाले कर्मचारियों को सूचना दे दी गई है। इसमें से कुछ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इस कदम से कंपनी को करीब 1.2 अरब डॉलर की बचत होगी। इस बीच, विभिन्न रिपोर्ट में कहा गया है कि नौकरियों के लिहाज से नए साल की शुरूआत खराब रही है। अमेजन समेत अन्य कंपनियां जनवरी के पहले छह दिनों में 30,611 लोगों को निकाल चुकी हैं। शेयरचैट ने भी 20 फीसदी छंटनी की घोषणा की है। प्रभावित कर्मियों को क्षतिपूर्ति माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि प्रभावित कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति भुगतान के साथ छह महीनों तक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दी जाएंगी।

## राखी सावंत की गिरफ्तारी की खबर

## पुलिस ने कहा– सिर्फ पूछताछ के लिए बुलाया था, शर्लिन चोपड़ा ने गलत जानकारी ट्वीट की है

राखी सावंत को मुंबई में अंबोली पुलिस ने गुरुवार (19 जनवरी) को पूछताछ के लिए बुलाया। राखी आज दोपहर 3 बजे अपनी डांस एकेडमी लॉन्च करने वाली थीं, जिससे पहले ही वो मुश्किलों में फंस गईं। हालांकि शर्लिन चोपड़ा ने सोशल





मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दावा किया है कि राखी को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन मुंबई पुलिस का कहना है कि उन्होंने राखी की गिरफ्तारी नहीं की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है राखी को सिर्फ पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उनकी कोई कस्टडी या गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि शर्लिन चोपड़ा ने गलत जानकारी ट्वीट की है। शर्लिन ने पिछले साल दायर किया था केस शर्लिन ने अपने पोस्ट में लिखा है, 'अंबोली पुलिस ने राखी सावंत को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी FIR 883/2022 के तहत में हुई है। कल, राखी सावंत के अइअ 1870/2022 को मुंबई सेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया था।' शर्लिन चोपड़ा ने राखी सावंत के खिलाफ पिछले साल केस दायर किया था। शर्लीन ने FIR कॉपी को सोशल मीडिया पर किया था शेयर राखी ने 6 नवंबर को शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ मानहानि की कंप्लेन दर्ज कराई थी। इसके बाद शर्लीन ने भी एक कदम आगे बढ़ाते हुए राखी के खिलाफ पुलिस में कंप्लेन फाइल की थी। शर्लीन ने अपने FIR की कॉफी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राखी को टार्गेट करते हुए लिखा था, 'नौटंकीबाज राखी सावंत तैयार हो जाएं गिरफ्तार होने के लिए।'

## जिम के बाहर स्पॉट हुई सारा अली खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को हाल ही में जिम के बाहर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सारा वर्कआउट खत्म कर जिम से बाहर निकलते



हुए दिखाई दे रही हैं। इस दौरान वह व्हाइट टॉप और रेड कलर के शॉर्ट्र्स में नजर आई। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स उनके वॉकिंग स्टाइल का मजाक उड़ाते हुए नजर आए। उन्हें कई लोग मलाइका अरोड़ा की कॉपी कह रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'आजकल सभी लोग ऐसे क्यों चल रहे हैं'। तो वहीं दूसरे ने लिखा, 'मलाइका अरोड़ा 2'। तीसरे यूजर ने लिखा, 'मलाइका अरोड़ा लाइट'। चौथे यूजर ने लिखा, 'लोग ऐसे क्यों चलते हैं'। ऐसे ही कई लोगों ने सारा के वॉकिंग स्टाइल का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया है।

# बर्लिनेल सीरीज मार्केट्स में करिश्मा की 'ब्राउन' का चयन, तीन साल बाद ओटीटी पर होगी 'लोलो' की वापसी




किसी जमाने में बॉलीवुड की नंबर वन हिरोइन का तमगा रखने वाली करिश्मा कपूर पिछले काफी वर्षों से रुपहले पर्दे से दूर हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार वेब सीरीज 'मेंटलहुड' में काम करते हुए देखा गया था। 'मेंटलहुड' से ओटीटी पर कदम रखने वाली करिश्मा कपूर अब तीन साल बाद एक बार फिर ओटीटी की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। करिश्मा फिल्म निमार्ता अभिनय देव की आगामी वेब सीरीज, 'ब्राउन - द फर्स्ट केस' के साथ स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह सीरीज 'सिटी ऑफ डेथ' नाम की एक किताब पर आधारित है। इस क्राइम ड्रामा में करिश्मा एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। जहां अभी वेब सीरीज की रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है, वहीं करिश्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इसका एलान किया है। करिश्मा कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरिज से अपने फर्स्ट लुक को साझा करने के साथ ही घोषणा की है कि 'ब्राउन - द फर्स्ट केस' को इस साल के बर्लिनेल सीरीज मार्केट सेलेक्ट्स के लिए चुना गया है। करिश्मा ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'ब्राउन बर्लिन पहुंच गया है! मैं यह जानकर बहुत रोमांचित हूं कि बर्लिनेल सीरीज मार्केट में प्रदर्शित होने के लिए ब्राउन को पांच महाद्वीपों के 16 खिताबों में से एक के रूप में चुना गया है! बधाई हो टीम।' अभिनेत्री ने 'ब्राउन' से अपनी दो तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें वह काफी परेशान लग रही हैं। करिश्मा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, अभिनेत्री के फैंस से लेकर दोस्त तक सभी उनको वापसी करते देखने के लिए बेकरार हैं। करिश्मा की पोस्ट पर उनके सभी फैंस के साथ-साथ इंडस्ट्री के उनके को-स्टार्स और दोस्त उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस कमेंट करने वालों में करिश्मा की गर्ल गैंग यानी उनकी छोटी बहन करीना और दोस्त मलाइका और अमृता अरोड़ा भी शामिल हैं। तीनों ने इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए करिश्मा की इस अचीवमेंट पर खुशी जाहिर की है। 'बहुत बढ़िया लोलो।' इनके साथ ही नीतू कपूर, दीया मिर्जा, अथिया शेट्टी और शिबानी दांडेकर अख्तर जैसे सितारें भी करिश्मा के पोस्ट पर प्यार लुटा रहे हैं।

## टिकट टू फिनाले में दांव पर लगी दोस्ती, निमृत-शिव के बीच आई दरार तो अपनी 'सखी' के खिलाफ हुए शालीन

टीवी का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' अब अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा है। इस वीक कंटेस्टेंट टिकट टू फिनाले जीतने के लिए आपस में भिड़ते नजर आएंगे। वहीं, फिनाले में जगह बनाने के लिए कैप्टेंसी की रेस में निमृत के सामने शिव ठाकरे होंगे। इसके अलावा घरवालों ने प्रियंका चाहर चौधरी पर ताने कसना शुरू कर दिया है, जिसके बाद बीबी हाउस का माहौल फिर से गर्मा गया है। मेकर्स की ओर से शो का नया प्रोमो जारी किया गया है, जिसमें सौंदर्या शर्मा, निमृत कौर और शालीन भनोट प्रियंका को लेकर बातें करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो में दिखाई दे रहा है कि सौंदर्या हाथ में थाले लेकर 'जगत माता' प्रियंका की आरती उतारती हैं। इसी बीच शालीन प्रियंका को ओवरकॉन्फिडेंस की देवी बोलते है। यह सब देखकर प्रियंका कहती हैं कि इन्होंने युद्ध शुरू कर दिया है। वहीं, शालीन को निमृत और सौंदर्या के साथ देखकर साफ पता चल रहा है कि उन्होंने अपनी सखी यानी प्रियंका के साथ दोस्ती खत्म कर दी है। इसके अलावा कैप्टेंसी टास्क में शिव का प्रियंका का नाम देना निमृत को पसंद नहीं आता है। इस पर वह शिव से सवाल करती हैं कि उन्हें सपोर्ट करने के बजाय प्रियंका का नाम क्यों लिया। प्रोमो में दिखाई दे रहा है कि शिव और सौंदर्या आपस में भिड़ गए है। इस दौरान सौंदर्य शिव की निमृत संग दोस्ती पर निशाना साधती हैं और कहती हैं कि तुम अपनी दोस्ती को देखो, तुम्हारी भी कोई दोस्ती नहीं है। इसके बाद सौंदर्य निमृत की ओर इशारा करके कहती हैं कि आज इसकी भी आंखें खुल गई होंगी।



## शुरू हो गई 'पठान' की एडवांस बुकिंग, कुछ ही घंटों में तीन करोड़ का आंकड़ा पार



शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म पठान को लेकर खूब चर्चा में हैं। शाहरुख और दीपिका इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसके लिए शाहरुख खान अक्सर सोशल मीडिया पर आस्क एसआरके सेशन चला चुके हैं। इस फिल्म का ट्रेलर, टीजर और गाने भी खूब पसंद किए गए हैं। हालांकि बेशर्म रंग गाने में दीपिका पादुकोण की भगवा बिकिनी को लेकर जमकर बवाल हुआ था। सिर्फ इतना ही नहीं गुजरात में तो बजरंग दल के लोगों ने ये तक कह दिया है कि फिल्म को थियेटर में रिलीज नहीं होने देंगे। हालांकि इन सबके बीच अब पठान की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। शाहरुख खान की फिल्म पठान का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पठान के टिकटों की एडवांस बुकिंग का भी फैंस को इंतजार है। बता दें कि यशराज के बैनर तले बनी फिल्म पठान की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि इस फिल्म की टिकट की एडवांस बुकिंग भारत में 20 जनवरी से शुरू होनी थी, लेकिन यब आज से ही शुरू हो गई है। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार अभी तक इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में 3.68 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इस एडवांस बुकिंग में आईमैक्स, 4डीएक्स, 2डी के टिकट शामिल हैं। ऐसे में 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और 'वॉर' जैसी फिल्मों के बाद फैंस यशराज बैनर की स्पाई यूनिवर्स की इस चौथी फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। एडवांस बुकिंग में शुरूआती घंटों में फिल्म का रिकॉर्ड देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फिल्म पहले दिन बंपर ओपनिंग ले सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई में कुछ शो पहले ही बिक चुके हैं। बॉयकॉट ट्रेंड के बावजूद, पठान एडवांस बुकिंग बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बता दें कि पठान ने न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी एडवांस बुकिंग में खूब कमाई की है। बता दें कि यह फिल्म 25 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यशराज फिल्म्स के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी नजर आने वाले हैं।

## शाहिद कपूर के घर में किराएदार बनेंगे कार्तिक आर्यन! हर महीने देंगे इतने लाख किराया

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों बॉलीवुड के उभरते हुए सितारे हैं। पिछले साल अभिनेता ने भूलभुलैया 2 जैसी सुपरहिट फिल्म देकर फैंस को अपना दीवाना बना दिया था। इस साल अभिनेता शहजादा लेकर आ रहे हैं। हाल ही में इसका मजेदार ट्रेलर रिलीज हुआ था। ट्रेलर



को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। बता दें कि पिछले दिनों कार्तिक आर्यन अपने लिए घर की तलाश कर रहे थे, अब खबर आ रही है कि अभिनेता की यह तलाश पूरी हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले दिनों अभिनेता जुहू में लग्जरी घर की तलाश में पहुंचे थे, और उन्होंने उस घर को फाइनल कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले काफी दिनों से कार्तिक आर्यन को घर की तलाश थी। ऐसे में वह जुहू स्थित शाहिद कपूर का घर देखने पहुंचे थे। यह घर अभिनेता को पसंद आ गया और अब वह इस घर को किराए पर लेने के लिए तैयार हैं। बता दें कि शाहिद कपूर का यह घर कार्तिक आर्यन ने तीन साल के लिए लीज पर लिया है। इस घर के लिए अभिनेता ने 45 लाख रुपये जमा भी कर दिए हैं। सिर्फ इतना ही नहीं शाहिद कपूर के इस घर के लिए कार्तिक आर्यन को उन्हें हर महीने सात लाख 50 हजार रुपये किराया देना पड़ेगा। दोनों के बीच जो समझौता हुआ है उसमें बताया गया है कि हर साल किराए में 7% की बढ़ोतरी की जाएगी। इस हिसाब से कार्तिक आर्यन को पहले 12 महीनों के लिए 7.5 लाख रुपये और उसके बाद दूसरे साल में 8.2 लाख और तीसरे साल में 8.58 लाख रुपये देने होंगे। कार्तिक के नए घर की बात करें तो यह अपार्टमेंट 3.681 स्क्वायर फीट में फैला है। अपार्टमेंट में दो पार्किंग स्लॉट हैं। बता दें कि इससे पहले अभिनेता वसोर्वा के 459 वर्ग फुट के अपार्टमेंट में रहते थे, जिसे उन्होंने 2019 में 1.60 करोड़ रुपए में लिया था।

# प्रभात झा की कुशाभाऊ भूमिका, 2023 अविस्मरणीय बनायें, पत्र चर्चित हुआ

**ग्वालियर/भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा निश्चित तौर पर भाजपा के सांगठनिक नेता है और आजकल वह भाजपा के पितृपुरूष रहे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की भूमिका में हैं। वह सदा पार्टी हित में ही कार्य करते हैं, भले ही पार्टी के पदों में उनकी भूमिका हो या न हो। आजकल उनका एक पत्र सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त वायरल है। इस पत्र में मध्यप्रदेश भाजपा से जुडे सभी विधायकों, विधायक चुनाव लडने वाले भाजपा प्रत्याशियों व सभी भाजपा जिलाध्यक्षों को भी पत्र लिखा है। इसके लेकर पार्टी के विभिन्न मंचों से लेकर कार्यकर्ताओं के बीच तक उनकी सराहना हो रही है।



वैसे आपको याद दिला दें कि प्रभात झा भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता से अपने काम, संगठन क्षमता, पार्टी के प्रति निष्ठा और 24 घंटे पार्टी के लिए काम करने की बदौलत राज्य सभा सदस्य से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंचे और फिर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक पहुंचे। पार्टी ने उन्हें जो भी काम दिया, उससे उन्होंने कभी मुंह नहीं मोडा, वह हमेशा भाजपा के नेता के रूप में उस समय भी प्रखर रहे जब भाजपा कार्यकर्ता ढूंढे नहीं मिलते थे। वैसे भी प्रभात झा भाजपा के संकटमोचक के रूप में जाने जाते हैं। मप्र के सभी 230 सीटों पर चुनाव लडाने वाले प्रभात झा ने मंत्री, विधायक व विधानसभा चुनाव में भाजपा के पराजित उम्मीदवारों को भी पत्र लिखा है, यह पत्र भाजपा जिलाध्यक्षों को भी लिखा है। इस पत्र की पहली प्रति पूर्व मंत्री अजय विश्नोई को भेजी है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि इस पत्र के मिलने के बाद सभी मंत्री , भाजपा विधायक व जो भाजपा से चुनाव लडे थे सभी भावुक हैं। सभी ने वरिष्ठ नेता प्रभात झा को साधुवाद दिया है।

मप्र के पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने प्रभात झा का पत्र मिलने के बाद कहा कि भाई प्रभात झा जी का कार्यकर्ता भाव उन्हें हमेशा दायित्वमान बनाये रखता है और हम कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का बोध कराता रहता है। प्रभात जी को इस परंपरा (पत्र)को जीवित रखने के लिए साधुवाद। विश्नोई ने इस संवाददाता से कहा कि वास्तव में प्रभात जी सभी कार्यकर्ताओं से वेहद स्नेह रखते हैं। वह अपने हैं , और हमेशा पार्टी हित सर्वोपरि की बात करने वाले नेता हैं।

## हां सिंधिया समर्थकों को भी पत्र भेजे हैं: प्रभात झा

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा ने इस संवाददाता से चर्चा में स्वीकार किया कि चुनाव सिर पर है और कार्यकर्ताओं सहित में पार्टी के प्रति जोश जगाने उन्होंने पत्र भेजे हैं । यह पत्र केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में आये सभी जीते हारे विधायकों को भी भेजा है। मेरा तो स्पष्ट कहना है कि हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता पहले हैं और सभी बातों से ऊपर उठकर 2023 को गुजरात की तरह अविस्मरणीय बनायें।

# अघोषित बिजली कटौती, मनमाने बिजली के बिल को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

**ग्वालियर।** अनाप शनाप बिजली बिल ,अघोषित विद्युत कटौती एवं गरीबों के काटे जा रहे विद्युत कनेक्शन एवं कनेक्शन के नाम पर वसूली , अत्याधिक राशि आंकलित खपत के नाम पर बढ़े हुए बिजली के बिल के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर तानसेन नगर बिजली घर पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धरना दिया । जिला कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जब से ऊर्जा मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर भाजपा में गए हैं तब से वह झूठ बोलने के साथ-साथ निर्दयी और अत्याचारी भी हो गए हैं उन्होंने करोना काल की याद दिलाते हुए बताया कि जब लोग तड़प तड़प कर मर रहे थे उनके उद्योग धंधे नौकरियां जा रही थी उसके बावजूद भी भाजपा ने उनका बिल माफ नहीं किया कांग्रेस में करोना काल के बिलों को माफ करने के लिए आंदोलन किए तब उन्होंने उन बिलों को फ्रीज कर दिया लेकिन आज वह सारे बिल जनता से वसूले जा रहे हैं।




कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि मंत्री जी पहले तो गरीबों की बात करते थे उनके लिए खंभों पर चढ़ते थे बिजली घरों का घेराव करते थे धरने देते थे लेकिन आज उन्हीं के राज़ पर गरीबों के साथ अत्याचार हो रहे हैं, गरीबों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं अंकलित खपत के नाम पर जनता से मोटी रकम वसूली जा रही है उन्हीं की विधानसभा में रोज-रोज अघोषित कटौती के नाम पर घंटों की कटौती की जा रही है यह सब मंत्री जी की नाक के नीचे हो रहा है, उन्होंने कहा घास मंडी में कई दिनों से अघोषित कटौती हो रही है मेंटेनेंस के नाम पर और मेंटेनेंस कहीं दिखाई दे नहीं रहा है उन्होंने विद्युत कनेक्शनों की ब?ाई गई राशि पर भी मंत्री को घेरते हुए कहा अगर व्यक्ति अब कनेक्शन लेना चाहे तो उसकी भी राशि इतनी हो गई है कि गरीब आदमी अब बिजली का कनेक्शन नहीं ले पाएगा उन्होंने कहा कि ग्वालियर विधानसभा के हर बिजली घर के सामने कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष कर जनता को राहत दिलाने का काम करेगी उन्होंने कहा कि मंत्री जी नौटंकी बंद कीजिए और जनता को राहत दीजिए। धरने का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह भदौरिया एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष नवीन भदकारिया ने किया।




# मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

ग्वालियर। मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन ने आज शुक्रवार को प्रदेश भर में संभाग स्तर पर प्रदर्शन कर संभाग आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. एपीएस भदौरिया ने बताया कि संगठन द्वारा उपयंत्री संवर्ग की चार सूत्रीय मांगों को लेकर उपायुक्त राजस्व के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वरिष्ठ उपयंत्रियों को 28 वर्ष पूर्ण करने पर सहाये यंत्री के पद पर पदोन्नति देने, प्रारंभिक ग्रेड केन्द्र के समान 4200 करने , संविदा उपयंत्रियों के नियमित करने तथा निचले पदों पर कार्यरत डिप्लोमा होल्डर्स को उपयंत्री पद का प्रभार देने पदोन्नति आदि मांगें प्रमुख हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष एपीएस भदौरिया ने कहा कि इन मांगों को लेकर एसोसियेशन का यह आंदोलन का शंखनाद है यदि सरकार ने शीघ्र मांगों को नहीं माना तो पूरे प्रांत में संगठन धरना आदि आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन महामंत्री इंजी. रविन्द्र सिंह कुशवाह, उप प्रांताध्यक्ष इंजी. विजय खेमरिया, जिलाध्यक्ष ग्वालियर इंजी. रजनीश गुप्ता, जिलाध्यक्ष शिवपुरी इंजी. हरिबल्लभ वर्मा, जिलाध्यक्ष दतिया इंजी. उमेश शर्मा, प्रांतीय सचिव इंजी. श्रीमती रश्मि शेंडगे, सचिव इंजी. उमेश गोयल, प्रांतीय संगठक इंजी. प्रदीप स्वर्णकार, इंजी. वीरेन्द्र यादव,इंजी. विजन शर्मा, इंजी. अनिल श्रीवास्तव, इंजी. शैलेन्द्र सक्सैना, इंजी. आरडी चिराड, इंजी. चन्द्रशेखर पाठक, इंजी. अजय शर्मा, इंजी. सुशील साहू, इंजी. संजीव जैन, इंजी. अमित साहू, इंजी. केसी अग्रवाल, इंजी. हेमंत शर्मा, इंजी. एसके शर्मा, इंजी. संजीव रीवास्तव, इंजी. निरंजन तोमर , इंजी. एमसी यादव आदि उपस्थित थे।



# विंडसर हिल्स के चुनावों में रुचि गुप्ता अध्यक्ष चुनी गई

**ग्वालियर।** ग्वालियर की बहुमंजलीय इमारत विंडसर हिल्स सोसाइटी के चुनाव आज सर्व सम्मति से संपन्न हुए । इन चुनावों में विंडसर हिल्स सोसायटी निवासी रुचि गुप्ता को सोसाइटी का अध्यक्ष एवं सर्वजीत संघा एवं शिवाजी राव दीक्षित को उपाध्यक्ष का प्रस्ताव पारित किया। चुनावों के अंत में सहकारिता विभाग से आए अधिकारी ओपी पाठक ने रूचि राय गुप्ता को अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की। वहीं सदस्य के रूप में अभय अग्रवाल, सुनील कुमार सिकरोरिया, डॉ. मृणांक ढेंगुला, दिनेश तोमर, नीरज पाठक, निर्मल छावडा, तथा लाल सिंह को चुना गया। ज्ञातव्य है कि यह मध्यप्रदेश की पहली रखरखाव समिति होगी जिसको बिल्डर द्वारा हैंडओवर प्राप्त होगा क्योंकि इसमें रैरा कोर्ट द्वारा कलेक्टर को हस्तांतरित आदेश दिया गया था।

# स्वच्छता यह एक कार्य नहीं,बल्कि स्वभाव होना चाहिए : अभिलाष पांडे



**ग्वालियर।** यह हमारा जबलपुर है और हमारी जिम्मेवारी है कि जिस तरह हम अपना घर प्रतिष्ठान एवं दफ्तर को साफ सुथरा रखते हैं उसी तरह हम हमारे संस्कारधानी को भी स्वच्छ रखें अभिलाष ने कहा कि यह अभियान निरंतर क्रमबद्ध तरीके से जारी रहेगा हम सभी अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन करें बस यहीं भाव चाहिए अपने नगर जबलपुर को आपका हमारा सहयोग ही श्रेष्ठ को सर्वश्रेष्ठ बनाएगा आज स्वच्छता के लिए एवं सफाई के संदेश का प्रचार प्रसार का संदेश लेकर स्वच्छता का आयोजन किया गया जिसमें महाराणा प्रताप वार्ड पार्षद जीतू कटारे, दीपक विश्वकर्मा, मृगेंद्र सिंग, प्रतीक विश्वकर्मा, सन्तोष चक्रवर्ती सविता सेन अर्पित नेमा विनीत शर्मा मोनू सरकार साहू आशीष ठाकुर अरविंद जैन अंकित दुबे अविकाश दुबे आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# ग्राम खनेता में आठ दिवसीय सनातन धर्म महासमागम 30 जनवरी से छह फरवरी तक

## अनेक शंकराचार्य , धर्माचार्य समागम में भाग लेंगे

**ग्वालियर।** भिंड जिले के ग्राम खनेता में श्री रघुनाथ जी का मंदिर विजयराम धाम पर आगामी 30 जनवरी से 6फरवरी तक सनातन धर्म महासमागम का आयोजन संत शिरोमणि श्री विजयराम दास जी महाराज की 25 वीं पुण्य तिथि पर रजत जयंती महोत्सव के रूप में किया जा रहा है । इसमें अनेक शंकराचार्य सहित साधू संत विशेष रूप में मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये महामंण्डलेश्वर महंत श्री रामभूषण जी महाराज, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दतिया रूपेश उपाध्याय ने बताया कि संत शिरोमणि श्री विजयराम दास जी महाराज की 25 वीं पुण्य तिथि पर रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाये जाने का संत समाज ने फैसला किया है। उन्होंने बताया कि इस सनातन धर्म समागम में 108 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ, ढाई सौ क्विंटल हवन सामग्री के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ , श्री अष्टोत्तरशत श्री रामचरित मानस मूल पारायण , श्री मद भागवत मूल पारायण, श्रीमद बाल्मीकि रामायण मूल पारायण, श्री अष्टादश पुराण मूल पारायण , श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ, श्री शंकराचार्य रामानंदाचार्य, रामानुजाचार्य, निंबारकाचार्य एवं अन्य संप्रदाचार्य श्री महंत संत महापुरूष प्रवचन , सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासलीला तथा श्री श्रवणानन्द जी महाराज श्री धाम वृंदावन के द्वारा श्रीमद भागवत कथा का वचन किया जाएगा।



राम कथा संस्कृत संगोष्ठी भी होगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्री स्वामी श्री महामंण्डलेश्वर महंत श्री रामभूषण जी महाराज ने बताया कि इस अवसर पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी महाराज, श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज, शंकराचार्य वासुदेवानन्द जी महाराज, सहित दो दर्जन से अधिक संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि खनेता ग्राम के रघुनाथ जी मंदिर को जम्मू स्थित रघुनाथ जी मंदिर के समान माना जाता है। मंदिर लगभग पांच सौ वर्ष पुराना बताया जाता है। उन्होंने बताया कि पुज्य संत करपात्री जी महाराज भी खनेता के रघुनाथ मंदिर पर पधार चुके हैं। मंदिर की ख्याति इसलिए भी है कि यहां पर पांच बार विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। वहीं भगवान श्री कृष्ण की गाय गोहद तक चरने के लिए आती थी इसलिए भी इस मंदिर का विशेष महत्व है। महामंण्डलेश्वर महंत श्री रामभूषण जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म समागम में रोजाना लाखों लोग प्रसादी प्राप्त करेंगे। वहीं संतो के प्रवचनों के साथ ही श्रीमद भागवत का श्रवण भी करेंगे। उन्होंने बताया कि भिंड के छोटे से गांव में इस प्रकार का सनातन धर्म समागम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पांण्डेय आदि मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478